कोटद्वार, शुक्रवार
29 नवम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 205 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### टैंकर दुर्घटना में हेल्पर की मौत

नई टिहरी : नगर के समीप राजमार्ग पर टैंकर के ब्रेक फेल होने से वह बेकाबू होकर पौड़ी मार्ग के निकट जा गिरा। दुर्घटना में चालक और हेल्पर घायल हो गए। गंभीर घायल हेल्पर को उपचार के लिए बेस अस्पताल श्रीनगर भेजा गया जहां उसकी मृत्यु हो गयी। बीती बुधवार रात करीब पौने 12 बजे रुड़की से श्रीनगर जा रहे पेट्रोल टैंकर के यहां ओम होटल के निकट अचानक ब्रेक फेल हो गए। तेज ढलान पर ट्रक को काबू करने के लिए चालक ने पहले उसे पहाड़ी से टकराया मगर वह नहीं रुक पाया। टैंकर ने यहां खड़े छोटे ट्रक क्षतिग्रस्त करते हुए पौड़ी रोड की ओर पलट गया। दुर्घटना की सूचना पर थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से घायल टैंकर चालक 30 वर्षीय वसीम पुत्र जब्बार व हेल्पर 45 वर्षीय कुंदन पुत्र रामनाथ को निकाल कर सीएचसी बागी भेजा गया। हेल्पर कुंदन की गंभीर स्थिति देखते उसे यहां से श्रीनगर बेस अस्पताल के लिए रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस द्वारा घटना की जानकारी परिजनों को देते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू की है। (एजेंसी)

### अंत्योदय राशनकार्ड धारकों को मिलेंगे तीन मुफ्त गैस सिलेंडर

चम्पावत। प्रदेश में पंजीकृत अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को मुख्यमंत्री निशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत वर्ष में तीन गैस सिलेंडर निशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। चार महीने में गैस सिलेंडर रिफिल नहीं कराने पर योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। डीएसओ मनोज साह ने बताया कि अंत्योदय राशन कार्ड धारक को हर साल तीन रसोई गैस सिलेंडर निशुल्क मिलेंगे। बताया कि हर चार महीने में एक निशुल्क गैस सिलेंडर पाने के लिए एक गैस सिलेंडर का पूरा मूल्य देना होगा। उज्वला योजना के तहत निशुल्क गैस प्राप्त करने वाले अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को गैस सिलेंडर रिफिल की अवशेष धनराशि का वहन राज्य सरकार करेगी।

### दुष्कर्म करने के आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी रद्द

हरिद्वार। अपर जिला जज एफटीएससी चंद्रमणि राय ने झाड़फूंक कर इलाज के बहाने से दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी युवक की जमानत अर्जी रद्द कर दी है।

शासकीय अधिवक्ता भूपेन्द्र चौहान ने बताया कि बहादराबाद क्षेत्र में एक विवाहित महिला टीबी की बीमारी से पीड़ित चली आ रही थी। देहरादून और रुड़की अस्पताल में इलाज कराने पर भी आराम नहीं मिला था।

पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि बीते अक्तूबर में उसके पति का दोस्त आरोपी शौकीन झाड़फूंक करने के लिए कमरे में ले गया। था। आरोप लगाया कि इस दौरान उसने खुशबू सुंघाकर बेहोशी की हालत में उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया था। विरोध करने पर युवक पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। इसके कुछ दिनों बाद आरोपी युवक पर झाड़फूंक के बहाने फिर से जबरदस्ती दुष्कर्म का आरोप लगाया था।

### केदारनाथ की नवनिर्वाचित विधायक ने सीएम धामी से मुलाकात की

देहरादून। केदारनाथ की नवनिर्वाचित विधायक आशा नौटियाल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने उन्हें जीत पर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। उप चुनाव में जीत पर विधायक आशा पहली बार देहरादून पहुंची। पूर्वाह्न मुख्यमंत्री आवास में सीएम धामी से भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र में डबल इंजन सरकार द्वारा हो रहे विकास कार्यों को अब और नई गति मिलेगी। इसके बाद आशा यमुना कालोनी स्थित विधानसभा अध्यक्ष खंडूड़ी के आवास पहुंची। खंडूड़ी ने विधायक आशा नौटियाल को उनके नेतृत्व और समर्पण के प्रति विश्वास जताते हुए कहा कि उन्हें पूरा यकीन है कि वह अपने कार्यकाल में केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कड़ी मेहनत करेंगी।

## सीएम धामी ने किया अमित शाह के उत्तराखंड आगमन पर स्वागत



देहरादून। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, गणेश जोशी, डॉ. धन सिंह रावत और अन्य गणमान्य लोगों ने भी केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का स्वागत किया।


### संभल को कश्मीर ना बनाएं, स्थानीय मुस्लिम समुदाय के नेता जवाबदेही बने : रवि किशन

नई दिल्ली , लोकसभा सांसद और भोजपुरी एक्टर रवि किशन ने नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश के संभल में हुई घटना पर बयान दिया है। रवि किशन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि संभल की घटना योजनाबद्ध थी। स्थानीय मुस्लिम समुदाय के नेता जवाबदेही बने। कोर्ट के आदेश पर एक जांच एजेंसी वहां जा रही थी। हजारों लोगों की भीड़ मोहल्ले में जुट गई। उन्हें इतने ईंट–पथर, बंदूक, तलवार किसने मुहैया करवाई, हमले का प्लान किसने किया, कब से साजिश रची जा रही थी यह जांच का विषय है। उन्होंने आगे कहा कि मैं मुस्लिम समुदाय के लोगों से कहना चाहता हूं कि आप तो पीछे रहते हैं आप अपने बच्चों के समुदाय को आगे ना करें। यही कश्मीर में होता रहा है। आप लोग कृपया संभल को कश्मीर का रूप ना दिलवाएं। यह लोकतंत्र में अच्छा नहीं है। भाजपा नेता ने आगे कहा कि संभल में मुस्लिम समुदाय का हमला था। वहां उनके बच्चे थे। पुलिस सामने खड़ी थी वो भी किसी के बच्चे थे वो भी तो माता–पिता हैं। जो तथ्य होंगे उसी पर कार्रवाई होगी। पुलिस एफआईआर ऐसे नहीं करती है, उनके पास सबूत होंगे तभी एफआईआर की है। यह बहुत गंभीर और संवेदनशील मामला है। बता दें कि संभल में उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा हो गई थी। इस दौरान पांच लोगों की मौत की खबर सामने आई थी। हिंसा के बाद से पुलिस पत्थरबाजों और उपद्रवियों की तलाश कर रही है। 24 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## अजमेर दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा

## कोर्ट ने याचिका मंजूर कर सभी पक्षकारों को भेजा नोटिस

अजमेर ,। राजस्थान के अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह को हिंदू मंदिर बताने वाली याचिका को निचली अदालत ने मंजूर कर लिया है। अदालत ने सभी पक्षकारों को नोटिस जारी करते हुए 20 दिसंबर 2024 को अगली सुनवाई की तारीख तय की है।



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के निवासी हिंदू सेना के विष्णु गुप्ता ने अजमेर में स्थित ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह को हिंदू पूजा स्थल होने की निचली अदालत में दायर की थी। इस याचिका पर अजमेर पश्चिम सिविल जज सीनियर डिवीजन मनमोहन चंदेल की अदालत ने सुनवाई की। इस दौरान वादी विष्णु गुप्ता के वाद पर जज ने संज्ञान लेते हुए दरगाह कमेटी, अल्पसंख्यक मामलात व भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण धरोहर (एएसआई) को नोटिस जारी करने के आदेश दिया है। बता दें कि मामले में कल यानी मंगलवार को भी सुनवाई हुई थी। आज भी न्यायालय में सुनवाई हुई और न्यायालय ने वाद को स्वीकार करते हुए दरगाह कमेटी, अल्पसंख्यक मामलात व भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण धरोहर को नोटिस जारी करने के आदेश जारी करने का फैसला दिया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, विष्णु गुप्ता की तरफ से हरदयाल शारदा की ओर से लिखी पुस्तक का हवाला देते हुए वाद पेश किया गया था। जिसमें, उन्होंने अजमेर स्थित ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा किया है। इस मामले में कोर्ट सुनवाई 20 को करेगी। बता दें कि हिंदू संगठन अजमेर दरगाह को लंबे समय से मंदिर बता रहे हैं। 2022 में हिंदू संगठन महाराणा प्रताप सेना ने दरगाह के मंदिर होने का दावा करते हुए राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत और केंद्र सरकार को पत्र लिखा था और इसकी जांच की मांग की थी। ज्ञात हो कि हाल ही में उत्तर प्रदेश के संभल में शाही जामा मस्जिद को हरिहर मंदिर बताने वाली याचिका पर सुनवाई की थी। कोर्ट ने मस्जिद के सर्वे का आदेश दिया था। पहला सर्वे 19 नवंबर को रात में सर्वे हुआ था। 24 नवंबर को दूसरी बार सर्वे टीम मस्जिद के सर्वे के लिए पहुंची थी।

## संभल हिंसा पर बड़ा खुलासा, सर्वे के पहले ही दिन हुआ था बवाल; मस्जिद में जबरन घुस गए थे 150 लोग

संभल ,जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर को लेकर चंदौसी सिविल जज (सीनियर डिवीजन) आदित्य सिंह के आदेश का अनुपालन करने के लिए बेश-क पुलिस और जिला प्रशासन, सर्वे की टीम के साथ था लेकिन मस्जिद के अंदर यह कार्य कर पाना बेहद चुनौती पूर्ण रहा क्योंकि 19 नवंबर को जैसे ही जिला प्रशासन के द्वारा मस्जिद के सदर और अन्य समिति के सदस्यों से सूचना देकर सर्वे करने सहमति ली गई थी तो कुछ चिह्नित लोगों को ही अंदर जाना था लेकिन ऐसा हुआ नहीं और अनाधिकृत लोग भी अंदर घुसे। अत्यधिक भीड़ होने के चलते पहले दिन का कार्य अधूरा छोड़कर उसे स्थगित करना पड़ा। जिसकी वजह से ही 24 नवंबर को फिर से सर्वे करने का समय निर्धारित किया गया था।



जानकारी के मुताबिक एक अधिकारी ने बताया कि 19 नवंबर को मस्जिद के सदर जफर अली के अलावा इंतजामिया समिति के सदस्यों की उपस्थिति में एडवोकेट कमिश्नर रमेश राघव को अपनी टीम के साथ सर्वे का कार्य करना था। इसके लिए जिला प्रशासन की दोनों पक्षों के साथ बातचीत हुई और निश्चित संख्या में लोगों को अंदर प्रवेश करने दिया गया। डीएम और एसपी के अलावा प्रशासनिक सभी लोगों को बाहर रखा गया और मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया था। समस्या तब उत्पन्न हुई, जब अचानक शहर के कुछ जनप्रतिनिधि और उनके समर्थक लोग आए और मस्जिद का गेट खुलवाकर अंदर घुस गए।


इस दौरान प्रशासन और पुलिस की टीम ने ऐसे लोगों के अंदर जाने का विरोध भी किया लेकिन उनकी आपत्ति को दरकिनार किया गया था। इतना ही नहीं एक के बाद एक मस्जिद में 150 से 200 लोग दाखिल हो गए और टीम को अपना सर्वे कार्य करने में दिक्कत आने लगी। लोग सर्वे पर आपत्ति और विरोध की बातें करने लगे, सवाल खड़े करने लगा। ज्यादा भीड़ को देखते हुए कार्य लगातार प्रभावित हो रहा था और रात्रि का समय भी हो रहा था। जिसके चलते एडवोकेट कमिश्नर और जिला प्रशासन कार्य को स्थगित किया और यह कार्य अगले दिन करने का निर्णय लिया, लेकिन जुम्मे की नमाज और उपचुनाव की मतगणना को लेकर चार दिन तक यह कार्य नहीं हुआ। पहले दिन जिस वक्त सर्वे का कार्य चल रहा था, उस वक्त सभी सुरक्षा कर्मियों को मस्जिद के बाहर ही रहने दिया गया था, यहां तक की पुलिस अधीक्षक के पीआरओ, कैमरामैन से लेकर अन्य सुरक्षा गार्ड भी बाहर रहे। डीएम के साथ भी रहने वाले स्टाफ को बाहर रखा गया था। चिंता की बात तब हुई जब मस्जिद का गेट अंदर से बंद तो था लेकिन 150 से 200 लोग एक प्रवेश करते जा रहे थे और सुरक्षा के लिए अंदर कोई नहीं था, जिसमें डीएम और एसपी के अलावा एडवोकेट कमिश्नर और याची दो अधिवक्ता की सुरक्षा का सवाल था।

### लश्कर–ए–तैयबा के आतंकी सलमान रहमान खान को रेड नोटिस के जरिए रवांडा से भारत लाया गया

नई दिल्ली , केंद्रीय जांच ब्यूरो के ग्लोबल ऑपरेशन्स सेंटर ने नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी और इंटरपोल के नेशनल सेंट्रल ब्यूरो – किगाली (रवांडा) के साथ समन्वय करके आतंकवाद से जुड़े मामलों में वांछित सलमान रहमान खान को भारत लाने में बड़ी सफलता हासिल की है। सलमान को 28 नवंबर 2024 को एनआईए की सुरक्षा टीम द्वारा रवांडा से भारत लाया गया। एनआई ने सलमान रहमान खान के खिलाफ मामला संख्या ऋ28/2023/ह्ल्ढ्ढ/ष्टस्ढ्ढ दर्ज किया था। उस पर आतंकवादी संगठन लश्कर–ए–तैयबा का सदस्य होने, आतंकवाद को समर्थन देने, और हथियार एवं विस्फोटक उपलब्ध कराने का आरोप है। यह मामला बेंगलुरु शहर में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हथियार और विस्फोटक सामग्री पहुंचाने से संबंधित है। इस मामले में हेब्बल पुलिस स्टेशन, बेंगलुरु में स्न्ढ्ढक्र149/2023 भी दर्ज की गई थी। सीबीआई ने एनआई के अनुरोध पर 2 अगस्त 2024 को सलमान के खिलाफ इंटरपोल से रेड नोटिस जारी कराया। यह नोटिस दुनिया भर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भेजा गया, जिससे उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। इंटरपोल नेशनल सेंट्रल ब्यूरो – किगाली की मदद से सलमान को रवांडा में ट्रैक किया गया और उसे भारत लाया गया। बता दें कि सीबीआई जो भारत में इंटरपोल का नेशनल सेंट्रल ब्यूरो है, देश की सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समन्वय करती है।

## वनभूलपुरा कांड के आरोपी मलिक को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

नैनीताल। हल्द्वानी के वनभूलपुरा हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली। उनके जमानत प्रार्थनापत्र पर गुरुवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने सुनवाई की। अब अगली सुनवाई के लिए 16 दिसंबर की तिथि नियत की है। कोर्ट के पूर्व के आदेश पर राज्य सरकार की तरफ से अब्दुल मलिक के जमानत प्रार्थनापत्र पर आपत्तियां पेश की गईं। कहा गया कि अब्दुल मलिक हिंसा का मुख्य आरोपी व साजिशकर्ता है। कहा कि उसके ऊपर एनआईए भी लगा है। जिसका जवाब भी कोर्ट में पेश कर दिया गया है। मामले के अनुसार 8 फरवरी 2024 को हल्द्वानी के वनभूलपुरा में अतिक्रमण हटाने गई प्रशासन और पुलिस टीम पर पथराव, आगजनी और गोलीबारी की गई। हिंसा के दौरान दंगाइयों ने कई गाड़ियों सहित थाने को घेरकर गोलाबारी की गई। जिसमे कई लोगों की मौके पर मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हुए। जांच के बाद पुलिस ने 100 से अधिक दंगाईयों को गिरफ्तार किया, जिसमें से एक आरोपी अब्दुल मलिक भी था। अपने जमानत प्रार्थनापत्र में अब्दुल मलिक ने कहा कि जिस दिन यह घटना हुई, वे वहां न होकर दिल्ली में थे। उन्हें वेबजह फंसाकर उनके ऊपर दंगा भड़काने और दंगाइयों का साथ देने का झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया। जब अपराध किया ही नहीं तो झूठा मुकदमा किस आधार पर दर्ज किया गया। ऐसे में उन्हें जमानत दी जाए। अतिक्रमण करने के मामले में उन्हें एकलपीठ से जमानत मिल चुकी है। अब्दुल मलिक के जमानत प्रार्थनपत्र की पैरवी सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने की।



## महाराष्ट्रः सीएम की रेस में एकनाथ शिंदे ने किया सरेंडर, अब पीएम मोदी लेंगे बड़ा फैसला

मुंबई ,महाराष्ट्र में नए मुख्यमंत्री के नाम के ऐलान को लोग तरस रहे है कि आखिर कौन सीएम बनेगा? वहीं इसी बीच एकनाथ शिंदे ने सरेंडर कर दिया है। ठाणे में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर शिंदे ने कहा कि मैंने राज्य के लिए काम किया है और आगे भी करता रहूंगा। मुख्यमंत्री बीजेपी का होगा और मैं उसे पूरे मन से स्वीकार करूंगा। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी किसे मुख्यमंत्री बनाएगी, इस पर सस्पेंस बरकरार है।एकनाथ शिंदे ने कहा कि मैंने अपने आपको कभी सीएम नहीं समझा। मैंने हर क्षण जनता के लिए काम किया। पीएम मोदी और अमित शाह ने हमेशा मेरा साथ दिया। मोदी–शाह में जनता के सपनों को पूरा करने की ताकत है। एकनाथ शिंदे ने कहा, महाराष्ट्र के अगला मुख्यमंत्री भाजपा से ही होगा। मैंने पीएम मोदी को फोन करके कहा था कि हमारे बीच कोई अड़चन नहीं है। आप जो भी फैसला करेंगे वो हमें मंजूर होगा। हम सब एनडीए का हिस्सा हैं और रहेंगे।



पीएम मोदी जो कुछ भी निर्णय लेंगे वो शिवसेना को मंजूर है। महायुति मजबूत है और हम सब मिलकर काम करने को तैयार हैं। महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि मैं महाराष्ट्र के सभी मतदाताओं को महायुति का समर्थन करने और हमें भारी जीत दिलाने के लिए धन्यवाद देता हूं। यह अभूतपूर्व है। पीएम मोदी और अमित शाह ने एक आम शिवसैनिक को सीएम बनाने के बालासाहेब ठाकरे के सपने को पूरा किया है। वे हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं। महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि चुनाव में हमें जनता का प्यार और भरोसा मिला। इसके लिए मैं सबका दिल से धन्यवाद करता हूं। हमने लाडकी बहीण योजना पर बहुत अच्छे से काम किया। मैंने हमेशा एक कार्यकर्ता के तौर पर काम किया है। मैंने कभी खुद को मुख्यमंत्री नहीं माना। सीएम का मतलब आम आदमी होता है, मैंने यही सोचकर काम किया। हमें लोगों के लिए काम करना चाहिए। मैंने नागरिकों का दर्द देखा है, उन्होंने कैसे अपना घर चलाया। शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कहा, ह्यपिछले 2–4 दिनों से आपने अफवाहें सुनी होंगी कि कोई नाराज है। हम नाराज होने वाले लोग नहीं हैं। मैंने कल पीएम से बात की और उन्हें बताया कि महाराष्ट्र में सरकार बनाने में हमारी तरफ से कोई बाधा नहीं है आप फैसला करें।

### पीएम मोदी को मारने की साजिश!, हथियार भी थे तैयार; अलर्ट मोड पर पुलिस

नई दिल्ली ,मुंबई पुलिस के कंट्रोल नंबर पर पीएम मोदी को मारने की साजिश का कॉल आया है। जिसमें पीएम के खिलाफ साजिश की बात कही गई है। इस मामले को लेकर पुलिस ने एक महिला को भी हिरासत में लिया है। मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को फोन आया था, जिसमें कॉलर ने पीएम मोदी का जिक्रकिया था। कॉलर का दावा है कि पीएम मोदी को मारने का प्लान तैयार था और हथियार भी तैयार थे। खबर है कि पुलिस इस मामले में स्न्ढ्ढक्र दर्ज करने जा रही है और कॉलर को ट्रेस कर रही है। इस संबंध में पुलिस ने एक महिला को भी गिरफ्तार किया है। प्रथम दृष्टया वह पारिवारिक कारणों के चलते परेशान नजर आ रही है।

**सलमान के लिए मिल चुकी है धमकी**

कुछ दिन पहले ही मुंबई के ट्रैफिक कंट्रोल रूम में सलमान के लिए धमकी भरा मैसेज आया था। ये धमकी रात करीब 12:00 बजे मिली। मैसेज में ह्यसलमान खान और लॉरेंस बिश्नोईह्ल पर एक गाने का जिक्र किया गया है।

## प्रदूषण को लेकर भडक़ा सुप्रीमकोर्ट

### कहा: पंजाब में अफसर किसानों को दे रहे दिमाग, 4 बजे के बाद जलाओ पराली

नई दिल्ली ,राजधानी दिल्ली और एनसीआर में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल ग्रेप 4 के प्रतिबंध हटाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने दिल्ली और एनसीआर के इलाके में 2 दिसंबर तक ग्रेप 4 के प्रतिबंध लागू रहने का फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ग्रेप–4 को लागू करने के दौरान लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लाई जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई जारी रखने की बात कही है और कहा कि यह गंभीर मसला है। इसलिए हम इस पर सुनवाई करते रहेंगे। इसी बीच पंजाब को लेकर बेंच ने कहा कि एक मीडिया रिपोर्ट कहती है कि पंजाब के अधिकारी किसानों को कह रहे हैं कि वे शाम को 4 बजे के बाद पराली जलाएं। ऐसा करने से वे सैटेलाइट की नजर में नहीं आएंगे। बेंच ने कहा कि ऐसा करना गलत है और अदालत के आदेश की अवमानना है। अदालत ने कहा कि हमें पलूशन से निपटने के लिए कोई स्थायी समाधान ही निकालना होगा। बेंच ने कहा, ह्यपंजाब सरकार अपने अधिकारियों को आदेश दे कि वे किसानों को ऐसी सलाह न दें कि 4 बजे के बाद पराली जलाई जा सकती है। ऐसा करना आदेश का उल्लंघन है।



अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे आदेश का पालन करें। इसकी बजाय यदि वे पराली जलाने के लिए किसानों को दिमाग दे रहे हैं तो यह गलत बात है। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई में हम पराली जलाने, ट्रकों की एंट्री और पटाखों पर बैन को लेकर विचार करेंगे। अदालत ने कहा, ह्यहमारे पास एक ऐसी मशीनरी होनी चाहिए, जिससे यह डेटा मिल सके कि कौन कब पराली जला रहा है। यह मॉनिटरिंग 24 घंटे की होनी चाहिए। यह एक गंभीर समस्या है और इसी के चलते पलूशन बढ़ता जा रहा है। पंजाब समेत संबंधित राज्य इस पर रोक लगाने में बहुत धीरे ऐक्शन ले रहे हैं। अदालत ने एक मीडिया रिपोर्ट का जिक्र किया, जिसमें दावा किया गया था कि अफसर सलाह देते हैं कि 4 बजे के बाद किसान पराली जला सकते हैं। सरकार तुरंत इस पर ऐक्शन ले।

## झारखंड की कमान एक बार फिर हेमंत सोरेन के हाथ, चौथी बार ली सीएम पद की शपथ

रांची , झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन ने गुरुवार को शपथ ली। रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जहां राज्यपाल संतोष गंगवार ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान मंच पर हेमंत सोरेन के पिता और पूर्व सीएम शिबू सोरेन और मां रूपी सोरेन, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव समेत कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। शपथ ग्रहण से पहले हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के जरिए जनता का आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश के सामाजिक न्याय, एकता और संघर्ष के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने एक्स पर लिखा, आज का दिन ऐतिहासिक होगा झ एक ऐसा दिन जो हमारे सामूहिक संघर्ष, प्रेम–भाईचारे की भावना और न्याय के प्रति हम झारखंडियों के प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा। झारखंड की महान धरा ने हमेशा से विरोध और संघर्ष को जन्म दिया है और झामुमो भगवान बिरसा, भगवान सिदो–कान्हू, अमर शहीद तेलंगा खडिया, फूलो–झानो, पोटो हो, शेख भिखारी समेत अनगिनत वीरों के संघर्षों से भरी उसी विरासत को समेटे हर दिन आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज का दिन राजनीतिक जीत के बारे में नहीं, सामाजिक न्याय के प्रति संघर्ष, सामाजिक एकता को प्रखर करने की हर रोज़ लड़ी जानी वाली लड़ाई को दोहराने का दिन है।आज का यह दिन यह भी बताता है कि लोकतंत्र पर बढ़ते दबाव के बीच झारखंड की महान जनता एक साथ खड़ी है। आज हर गांव, हर शहर में एक आवाज़ गूंज रहा है झ अधिकार, समानता, एकता मतलब झारखंडियत की आवाज। इसमें कोई संदेह न रखें झ हमारी एकता ही हमारा सबसे बड़ा हथियार है। हमें न विभाजित किया जा सकता है, न ही शांत किया जा सकता है। जब जब वे हमें पीछे धकेलते हैं, हम आगे बढ़ते हैं। जब जब वे हमें शांत करना चाहते हैं, हमारी हूल, उलगुलान, क्रांति की आवाज और प्रखर होती जाती है क्यूंकि हम झारखंडी हैं, और झारखंडी झुकते नहीं है। हेमंत सोरेन ने आगे कहा था, आज जब सामाजिक संरचना में गहरी दरारें पैदा हो रही हैं, तब हमें अपने पूर्वजों की उस एकता और हर झारखंडी को साथ लेकर चलने के संकल्प को पुनः दोहराना होगा।



### मानव तस्करी मामले में एनआईए की बड़ी कार्रवाई

नई दिल्ली ,राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) मानव तस्करी मामले में 6 राज्यों के 22 जगहों पर छापेमारी कर रही है। विदेशी हाथ होने के शक में एनआईए ने इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जानकारी के मुताबिक 6 राज्यों में यह छापेमारी चल रही है और कई देशों से इसके अंतरराष्ट्रीय तार जुड़े हुए है। 2024 में नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी ने मामला दर्ज किया था। साइबर फ्रॉड मामले में नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी ने यह बड़ी कार्रवाई की है। साइबर फ्रॉड के जरिए बिहार गोपालगंज के युवाओं को विदेश में नौकरी देने के नाम पर लुभाया गया फिर जब वो विदेश गए तो उन्हे फर्जी काल सेंटर में बंधक बनाकर साइबर फ्रॉड का काम करवाया गया।

## राजस्थान में आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई

### ट्रांसपोर्ट कंपनी के 23 ठिकानों पर छापेमारी, अवैध परिवहन का मामला

उदयपुर ,राजस्थान सहित तीन राज्यों में आज सुबह इनकम टैक्स विभाग ने ट्रांसपोर्ट कंपनियों के 23 ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी शुरू की। यह कार्रवाई जयपुर, उदयपुर, बांसवाड़ा, गुजरात और मुंबई में की जा रही है।जयपुर के विश्वकर्मा क्षेत्र और उदयपुर की प्रसिद्ध ट्रांसपोर्ट कंपनी गोल्डन ट्रांसपोर्ट एंड लॉजिस्टिक पर आयकर विभाग की टीमें सुबह 5.30 बजे से दस्तावेज़ों की जांच में जुटी हैं। बताया जा रहा है कि यह फर्म टीकम सिंह राव की है, और इस पर सामान (गुड्स) के अवैध परिवहन का आरोप है।आयकर विभाग को मुखबिर से मिली शिकायत के आधार पर पूरी जांच कर सत्यापन किया गया। इसके बाद आईटी की अन्वेषण शाखा ने यह रेड शुरू की।तीन राज्यों में छापेमारी में राजस्थान के जयपुर में एक, उदयपुर में 16, बांसवाड़ा में तीन, गुजरात में दो व मुंबई में एक स्थान पर कार्रवाई की जा रही है।टीमें न केवल कंपनी के कार्यालयों में, बल्कि जिम्मेदार लोगों के घरों पर भी सर्च ऑपरेशन कर रही हैं। अधिकारियों ने सभी दस्तावेज़ों की जांच शुरू कर दी है ताकि अवैध लेन–देन और परिवहन से जुड़े तथ्यों को उजागर किया जा सके।

## सम्पादकीय

# ब्याजखोरी का चक्रव्यूह

ब्याज का खेल कई लोगों की जिंदगी बर्बाद कर रहा है। हरिद्वार के एक ताजा मामले में ब्याज का काम करने वाली बुजुर्ग महिला को सिर्फ इसलिए अपनी जान गंवानी पड़ी क्योंकि उसके लिए कमीशन पर काम करने वाली एक अन्य महिला के मन में खोट आ गया और उसने फाइनेंसर महिला को मौत के घाट उतार दिया। अपने निजी कार्यों की पूर्ति के लिए आमतौर पर लोग एक दूसरों से पैसे का लेनदेन करते हैं और काफी हद तक पैसों का यह लेनदेन छोटी–मोटी आवश्यकताओं को बिना किसी जटिल दस्तावेजी कार्रवाई के पूरा भी कर देता है। वहीं बाजार में ऐसे लोगों की भी एक बड़ी संख्या है जो मोटा ब्याज लेकर पैसा देते हैं और एक बार जो व्यक्ति इस ब्याज खोरी के शिकंजे में फसता है उसके लिए फिर निकल पाना बेहद मुश्किल हो जाता है। न जाने से कितने ही मामले हमारे सामने है जिनमें कुछ ने तो ब्याज का पैसा न चुकाने के लिए अपनी जान दे दी तो कुछ की जान ले ली गई। बाजार में ब्याज खोरी का कार्य बड़े पैमाने पर फैला हुआ है और कई लोग अलग–अलग ब्याज दरों पर पैसे लेते और देते हैं। अक्सर ब्याज का यह लेनदेन अपराध का घर भी बनने लगा है जिसमें फंसने के बाद फिर निकल पाना आसान नहीं होता। पुलिस थानों में भी ऐसे मामलों की भरमार है जो ब्याह के लेनदेन से जुड़े हैं। ब्याज का कार्य करने की भी कुछ नियम कानून बनाए गए हैं जिसमें एक निश्चित दर से अधिक ब्याज नहीं दिया जा सकता और उसके लिए भी पंजीकरण कराना जरूरी है लेकिन ऐसे भी लोग हैं जो पंजीकरण कराने के बावजूद प्रचलित दरों से कहीं अधिक दर पर ब्याज वसूलते हैं। ब्याजखोरी पर प्रशासन का नियंत्रण नहीं है और यही कारण है कि एक बार इस चक्रव्यूह में फंसने के बाद बाहर निकलने के रास्ते भी बंद हो जाते हैं। इसी तौर पर निजी तौर पर ब्याज देने वाले बिना अधिक दस्तावेजों और सत्यापन के पैसा देते हैं जबकि बैंकों की प्रक्रिया बेहद जटिल बन जाती है। यही वह परिस्थितियां हैं जिनके कारण आम लोग निजी फाइनेंसर के पास जाते हैं और उनके द्वारा लिए मांगे जाने वाले मनमाने ब्याज पर राजी हो जाते हैं। बेहतर यही है कि ब्याज पर पैसा उठाते वक्त ब्याज की दर और उसकी मियाद पर अच्छी तरह से दस्तावेज तैयार कर लिए जाए या फिर बैंकों की विभिन्न योजनाओं का अध्ययन कर बैंकों के माध्यम से ही लोन लेने का प्रयास करना चाहिए।

# विध्वंसकारी हथियारों की बढ़ती उपलब्धि अधिक विनाशक

**भारत डोगरा**

निरंतर अधिक विध्वंसकारी हथियारों की बढ़ती उपलब्धि के कारण हिंसा की प्रवृत्तियां अधिक विनाशक रूप ले रही हैं। छोटे–बड़े विभिन्न तरह के विनाशकारी हथियारों के तेज प्रसार में विश्व के हथियार उद्योग की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

यह एक मोटे मुनाफे का उद्योग है जिसमें भ्रष्टाचार या अन्य उपायों से राजनीति को प्रभावित करने की भारी क्षमता है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने विभिन्न उद्योगों की इस आधार पर रैंकिंग की थी कि सबसे अधिक रित कौन सा उद्योग देता है। इसमें हथियार उद्योग को दूसरा स्थान मिला। अमेरिकी वाणिज्य विभाग द्वारा जनरल एकाउंटिंग ऑफिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्व के सब तरह के व्यापार में 50 प्रतिशत रित देने के मामले हथियार के व्यापार से जुड़े होते हैं। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट ने अनुमान प्रस्तुत किया है कि जितने मूल्य का सौदा होता है, उसका कम से कम 10 प्रतिशत तो रित में जाता है। यह 10 प्रतिशत भी अरबों डॉलर का मामला है। हथियारों की बिक्री से जुड़े भ्रष्टाचार की बड़ी राशि प्रायः चोरी–छिपे विदेशी खातों में जमा की जाती थी, पर इसका खुलासा हो जाने के डर के कारण अब इसमें बदलाव आ रहा है, और ऐसे उपाय खोजे गए हैं, जिनसे इस भ्रष्टाचार को दबाना और सुनिश्चित हो सके। टैंक, बड़ी तोपों, लड़ाकू जहाज, पनडुब्बी आदि के कारोबार में बहुत साधन–संपन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियां लगी हैं, जिनकी पहुंच सीधी सत्ता के गलियारों में है। ये कंपनियां सत्ताधारियों को इस तरह प्रभावित करती हैं कि अरबों डॉलर के उनके सौदे होते रहें, फिर चाहे इस कारण विश्व का वर्तमान और भविष्य अत्यधिक असुरक्षित ही क्यों न हो जाए। इन कंपनियों और इनके दलालों के असर के कारण निशस्त्रीकरण के वे प्रयास आगे नहीं बढ़ पाते हैं जिनकी विश्व को बहुत जरूरत है। विश्व के अधिकांश जनसाधारण एक दूसरे से अमन–शांति से रह सकते हैं, पर हथियारों से जुड़े निहित स्वार्थ और इनके गठजोड़ के राजनीतिज्ञ ऐसी असुरक्षा फैलाते हैं कि जिसमें महंगे हथियार बहुत जरूरी प्रतीत होते हैं।

विश्व के सबसे विनाशकारी हथियारों को नियंत्रित करने के अंतरराष्ट्रीय समझौते आगे बढने् के स्थान पर पीछे जा रहे हैं यानी इनका असर पहले से और कम हो रहा है। दूसरी ओर, तरह–तरह के छोटे और हल्के हथियारों में भी ऐसे तकनीकी बदलाव आते रहे हैं जिनसे इनकी विनाशक क्षमता बढ़ जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तैयार की गई 'हिंसा एवं स्वास्थ्य पर विश्व रिपोर्ट' के अनुसार, अधिक गोलियों की अधिक तेजी से, अधिक शीघ्रता से और अधिक दूरी तक फायर करने की क्षमता बढ़ी है, और इसके साथ ही इन हथियारों की विनाश-कता भी बढ़ी है। एके–47 में तीन सेकंड से भी कम समय में 30 राउंड फायर करने की क्षमता है, और प्रत्येक गोली एक किमी. से भी अधिक की दूरी तक जानलेवा हो सकती है।

एमनेस्टी इंटरनेशनल और ऑक्सफेम ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि किसी भी अन्य हथियार की अपेक्षा छोटे हथियार अधिक लोगों को मारने, घायल करने, विस्थापित करने, उत्पीड़ित करने, अगवा करने और रेप करने के लिए उपयोग होते हैं..इस समय विश्व में लगभग 64 करोड़ छोटे हथियार हैं। लगभग 60 प्रतिशत छोटे हथियार सैन्य और पुलिस दलों से बाहर के क्षेत्र में हैं। केवल सेनाओं के उपयोग के लिए एक वर्ष में 14 अरब गोलियों का उत्पादन किया जाता है–यानी विश्व की कुल आबादी की दोगुनी गोलियों का उत्पादन। अधिक विध्वंसक हथियारों की उपलब्धि ऐसे दौर में बढ़ रही है जब कई कारणों से हिंसक प्रवृत्तियां भी बढ़ रही हैं। इस तरह एक ओर अधिक खतरनाक हथियारों की मांग बढ़ रही है तो दूसरी ओर उनके अधिक वास्तविक उपयोग और इस कारण होने वाले विनाश की आशंका भी बढ़ रही है। हथियारों पर होने वाले बढ़ते खर्च के कारण अनेक देशों में लोगों की बुनियादी जरूरतें पूरी करने की क्षमता कम होती है।

> विश्व के सबसे विनाशकारी हथियारों को नियंत्रित करने के अंतरराष्ट्रीय समझौते आगे बढने् के स्थान पर पीछे जा रहे हैं यानी इनका असर पहले से और कम हो रहा है। दूसरी ओर, तरह–तरह के छोटे और हल्के हथियारों में भी ऐसे तकनीकी बदलाव आते रहे हैं जिनसे इनकी विनाश–ाक क्षमता बढ़ जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तैयार की गई 'हिंसा एवं स्वास्थ्य पर विश्व रिपोर्ट' के अनुसार, अधिक गोलियों की अधिक तेजी से, अधिक शीघ्रता से और अधिक दूरी तक फायर करने की क्षमता बढ़ी है, और इसके साथ ही इन हथियारों की विनाशकता भी बढ़ी है। एके–47 में तीन सेकंड से भी कम समय में 30 राउंड फायर करने की क्षमता है, और प्रत्येक गोली एक किमी. से भी अधिक की दूरी तक जानलेवा हो सकती है। एमनेस्टी इंटरनेशनल और ऑक्सफेम ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि किसी भी अन्य हथियार की अपेक्षा छोटे हथियार अधिक लोगों को मारने, घायल करने, विस्थापित करने, उत्पीड़ित करने, अगवा करने और रेप करने के लिए उपयोग होते हैं..इस समय विश्व में लगभग 64 करोड़ छोटे हथियार हैं। लगभग 60 प्रतिशत छोटे हथियार सैन्य और पुलिस दलों से बाहर के क्षेत्र में हैं।

अरबों डॉलर के हथियारों के सौदे होते हैं जबकि जनसंख्या का बड़ा हिस्सा साफ पेयजल तक से वंचित रह जाता है या कुपोषण से पीड़ित होता है। दुनिया में विभिन्न स्तरों पर निशस्त्रीकरण के अभियान को तेज करने की जरूरत है ताकि हथियारों और गोला–बारूद की मांग, उत्पादन, उपलब्धि और वास्तविक उपयोग विभिन्न स्तरों पर काम हो सके। विश्व स्तर पर खतरनाक हथियार के विरुद्ध अनेक अभियान हाल के वर्षों में सक्रिय रहे हैं। ऐसे कुछ अभियानों के प्रयासों से विश्व स्तर पर कुछ खतरनाक हथियारों पर प्रतिबंध लगाने वाले समझौते भी हुए हैं।

बारूदी सुंरग या लैंडमाइंस बहुत खतरनाक हथियार हैं, जिनके कारण बहुत से निदरेष लोग बहुत दर्दनाक ढंग से घायल होते हैं, और कई बार जीवन भर के लिए अपंगता भी उन्हें सहनी पड़ती है। किसी युद्ध के समाप्त होने के समय बाद भी कई वर्ष तक युद्ध के दौरान बिछाई गई बारूदी सुरंगों के शिकार बच्चों सहित आसपास के अनेक लोग होते रहते हैं। बारूदी सुरंगों पर प्रतिबंध लगाने वाला अंतरराष्ट्रीय समझौता हुआ है। अधिकांश देशों ने इसे स्वीकार किया है, पर कुछ महत्त्वपूर्ण देशों की स्वीकृति मिलनी अभी शेष है। इसके अतिरिक्त कई हिंसक समूह भी अभी तक बारूदी सुरंगों का प्रयोग कर रहे हैं। क्लस्टर बम बहुत खतरनाक हथियार है जिसमें एक ही बड़े बम से बहुत छोटे–छोटे बम दूर–दूर बिखर जाते हैं। ये छोटे बम कुछ तुरंत फटते हैं और कुछ बाद में तथा बहुत दर्दनाक ढंग से घायल करते हैं या मारते हैं। विशेषकर बच्चे बहुत समय तक दर्दनाक ढंग से इनका शिकार होते रहे हैं। क्लस्टर बमों के विरुद्ध भी एक बड़ा अभियान विश्व स्तर पर चला। फलस्वरूप इन्हें प्रतिबंधित करने वाला अंतराष्ट्रीय समझौता हुआ। यह भी एक महत्त्वपूर्ण सफलता है पर अभी कुछ महत्त्वपूर्ण देशों की इसके लिए स्वीकृति मिलनी शेष है। ब्लाइंडिंग लेसर या अंधापन उत्पन्न करने वाले लेसर पर प्रतिबंध के लिए भी एक अंतरराष्ट्रीय समझौता हुआ है।

अब जो आगे सबसे बड़ी चुनौती है वह रोबोटिक्स के सैन्य उपयोग की है। रोबोट के सैन्य उपयोग से बहुत गंभीर खतरे जुड़े हैं जिनमें से एक यह भी है कि ऐसे हथियार नियंत्रण से बाहर हो सकते हैं तथा जो नियोजित हैं, उनसे कहीं अधिक विध्वंस कर सकते हैं। रोबोट आ जाने से बहुत खतरनाक हद तक युद्ध स्वचालित मशीनों के नियंत्रण में जा सकता है। युद्ध से जुड़ा विनाश और अनिश्चय बहुत तेजी से बढ़ सकता है। स्टीफेन हॉकिन्स जैसे विश्व के अनेक जाने–माने वैज्ञानिकों ने रोबोटिक्स के सैन्य उपयोग के विरुद्ध बयान जारी कर इन पर प्रतिबंध की मांग की। इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'जानलेवा रोबोट को रोकने का अभियान' सक्रिय है। इस तरह के अभियानों से अधिक लोग जुड़ें तो विश्व में इन अधिक खतरनाक हथियारों को रोकने में सफलता मिलेगी। यह बड़ी जरूरत बन गया है क्योंकि उभरते हुए नये तनावों के कारण विश्व में कई स्तरों पर युद्ध की आशंका बढ़ रही है। वैसे तो युद्ध की आशंका को ही न्यूनतम करने के बुनियादी प्रयास होने चाहिए पर इसके साथ ही अधिक खतरनाक हथियारों के प्रसार को भी रोकना जरूरी है ताकि कहीं युद्ध हो भी तो उसे अधिक विनाशकारी होने से रोका जा सके। सबसे बड़ी और कठिन चुनौती तो परमाणु हथियार के प्रसार और संभावित उपयोग को रोकने की है।

# थाली में भी कटौती करने पर मजबूर

महंगाई बढने् और उसके अनुरूप आमदनी ना बढने् पर पहली कोशिश भोजन को अप्रभावित रखने की होती है। जब भारत में बहुत से लोग थाली में भी कटौती करने पर मजबूर हैं, तब बाकी उपभोग पर उसकी मार पडना् लाजिमी है।




मार्केट रेटिंग फर्म क्रिसिल की थाली की लागत के बारे में ताजा रिपोर्ट फिर से इस हकीकत पर रोशनी डालती है कि भारत में आम इनसान की जिंदगी कितनी मुहाल होती जा रही है। क्रिसिल का ताजा अनुमान है कि सिर्फ एक महीने–अक्टूबर में शाकाहारी थाली की औसत लागत 20 प्रतिशत बढ़ी। बढ़ोतरी का ये सिलसिला लंबा हो चुका है। मांसाहारी थाली की लागत में पिछले महीनों में जरूर कुछ गिरावट देखी गई थी, लेकिन वो सिलसिला अक्टूबर में टूट गया। बीते महीने मांसाहारी थाली की लागत पिछले वर्ष के अक्टूबर की तुलना में पांच प्रतिशत बढ़ गई।

क्रिसिल के मुताबिक थाली की कुल कीमत में सब्जियों का हिस्सा 40 प्रतिशत होता है। अक्टूबर में प्याज और आलू के दाम में क्रमशः 46 और 51 फीसदी का इजाफा हुआ। अक्टूबर 2023 में टमाटर औसतन 29 रुपये किलोग्राम उपलब्ध था, जबकि बीते अक्टूबर में यह औसतन 64 रुपये किलो बिका। बेशक इन सब्जियों के दाम आने वाले हफ्तों में गिरेंगे। उससे थाली की औसत लागत में राहत मिल सकती है। मगर अक्टूबर में दालें 11 प्रतिशत और खाद्य तेल 10 प्रतिशत महंगे हुए। ऐसी वस्तुओं की कीमत में जो वृद्धि हो जाती है, वह शायद ही कभी आगे जाकर घटती है। सिर्फ अक्टूबर की इस सूरत से समझा जा सकता है कि आम लोगों के आम उपभोग में क्यों गिरावट आई है, जिससे अब कॉरपोरेट सेक्टर की बड़ी कंपनियों की बिक्री भी प्रभावित होने लगी है।

किसी भी परिवार में महंगाई बढने् और उसके अनुरूप आमदनी ना बढने् पर पहली कोशिश भोजन को अप्रभावित रखने की होती है। जब भारत में बहुत से लोग थाली में भी कटौती करने पर मजबूर हैं, तब बाकी उपभोग पर उसकी मार पडना् स्वाभाविक है। मगर दुखद यह है कि इस थाली की प्रभु वर्ग में किसी को चिंता नहीं है। राजनीतिक दलों में जाति और मजहबी पहचान की सियासत से चुनावों में अपनी बैतरणी पार करने का भरोसा अटूट बना हुआ है, जबकि मीडिया का सारा विमर्श इस सायास कोशिश से प्रेरित है कि ऐसे मुद्दों को चर्चा से दूर रखा जाए। नतीजा आम लोग भुगत रहे हैं।

> मार्केट रेटिंग फर्म क्रिसिल की थाली की लागत के बारे में ताजा रिपोर्ट फिर से इस हकीकत पर रोशनी डालती है कि भारत में आम इनसान की जिंदगी कितनी मुहाल होती जा रही है। क्रिसिल का ताजा अनुमान है कि सिर्फ एक महीने– अक्टूबर में शाकाहारी थाली की औसत लागत 20 प्रतिशत बढ़ी। बढ़ोतरी का ये सिलसिला लंबा हो चुका है।

# अराजकता फैलाने की बातें मतदाताओं को पसंद नही

**राघवेन्द्र सिंह**

आज़ाद भारत के इतिहास में तेईस नबंवर की तारीख़ कई मायने में बेहद अहम है। कल तक जिस भाजपा के खिलाफ राजनीतिक दलों और उनके रहनुमाओं ने मुसलमानों को जो डर दिखा कर एकजुट रक्खा था उसी फार्मूले से भाजपा ने बहुसंख्यक हिंदुओं को अपने हक़ में खड़ा करने का करिश्मा कर डाला है।'बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे'ज् इस के साथ ही वक्.फ् बोर्ड के असीमित अधिकारों को लेकर जेपीसी की बैठकों में जिस तरह के विवाद और एक किसिम की हुल्लड़बाजी की खबरें और बयानबाजी हुई उसने भाजपा की राह महाराष्ट्र में आसान कर दी। आगे इस मुद्दे पर विपक्ष और सत्ता पक्ष के व्यवहार पर देश के जनमानस की पैनी नजऱ रहेगी। बहरहाल बहुसंख्यक वर्ग को भाजपा से अधिक विपक्ष के रवैए ने यह समझाने में सहयोग किया कि अल्पसंख्यक की भाँति एक नहीं हुए तो तुम्हारे हितों को काट कर उनको दिया जाएगा जो एकमुश्त वोट करते हैं । विपक्ष ने संतुलन की रणनीति पर काम नही किया तो महाराष्ट्र जैसे नतीजे आगे भी आते रहेंगे । इसे लेकर भाजपा मारे खुशी के फूल कर कुप्पा हुई जा रही है। नतीजतन महाराष्ट्र सरीखे अहम सूबे में कांग्रेस की लीडरशिप में चुनाव लड़ रही महा आगाड़ी विकास पार्टी की धोबी घाट वाली धुलाई हो गई । राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस से अलग होकर एनसीपी बनाने मराठा सरदार शरद पवार और पूर्व सीएम उद्दव ठाकरे का कांग्रेस के माईबाप राहुल गांधी जी का विधानसभा चुनाव के नतीजों ने बैण्ड बाजा जुलूस निकाल दिया है । दो सौ अठ्ठासी सीटों वाले महाराष्ट्र में भाजपा नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने दो सो तीस विधायकों की जीत के साथ जो धमाका किया उसकी गूंज देर तक और बहुत दूर तक सुनाई देगी । लेकिन दूसरी तरफ़ झारखंड राज्य ने हेमंत सोरेन वाले इंडी ब्लाक को एक तरफा बहुमत देकर विपक्ष के दिए की लौ को भी ठंडी नही होने दिया । इसलिए देश के चतुर सुजान मतदाताओं को साष्टांग दण्डवत प्रणामज्क्योंकि वह लोकसभा चुनाव में दो सौ चालीस सीट पर भाजपा के अश्वमेघ यज्ञ को रोक कर नियंत्रित और नियोजित होने का निर्देश देता है तो दो सौ बहत्तर के स्थान पर केवल निन्यानवे सीटें जिताकर क़ायदे में रहने की नसीहत देता है ।

# कार्तिक आर्यन की फिल्म वर्ल्डवाइड 400 करोड़ी क्लब में शामिल, कमाई में फिर पीछे छूटी सिंघम अगेन

भूल भूलैया 3 और सिंघम अगेन को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए 25 दिन हो चुके हैं. सिनेमाघरों में रूब बाबा का क्रेज अभी भी बरकरार है. कार्तिक आर्यन की हॉरर कॉमेडी ने दुनियाभर में 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. वहीं सिंघम अगेन सिनेमाघरों से उतरते नजर आ रही हैं. अजय देवगन की फिल्म चौथे सोमवार को सबसे कम कमाई की है.

1 नवंबर को दिवाली पर रिलीज हुई भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन ने बॉक्स ऑफिस पर लगातार दमदार प्रदर्शन किया है. पहले हफ्ता सिंघम अगेन के नाम रहा है. लेकिन बाद में कार्तिक आर्यन की हॉरर कॉमेडी ने अपनी रफ्तार पकड़ी और रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स को पछाडने् में सफल रही.



अनीस बज्मी की निर्देशित हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया 3 के लिए चौथा वीकेंड शानदार रहा है. भूल भुलैया 3 ने चौथे वीकेंड में दुनियाभर में 400 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. इस खास पल कार्तिक आर्यन ने अपने फैंस संग साझा किया है. रूह बाबा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर भूल भुलैया 3 का वर्ल्डवाइड कलेक्शन के बारे में अपडेट शेयर किया है और कैप्शन में लिखा है, सब कुछ संभव है अगर दर्शक आपके साथ खड़े हों और आपकी कहानी पर विश्वास करें. थैंक्यू. 400 करोड़ पार.

भूल भूलैया 3 की इस सफलता पर सेलेब्स और फैंस उन्हें बधाइयां दे रहे हैं. भूमि पेडनेकर ने पोस्ट के कमेंट सेक्शन में राइडिंग हैंड इमोजी छोड़े हैं. एक फैन ने कमेंट किया है, भूल भुलैया 3 हर किसी के दिल पर राज कर रही है. एक यूजर ने लिखा है, दिल से बधाई हो रूह बाबा जी. भूल भूलैया 3 के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के बारे में बात करें तो भूल भूलैया 3 ने चौथे सोमवार यानी 25वें दिन 1.05 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. 25 दिनों के बाद कार्तिक आर्यन की फिल्म ने 267.95 करोड़ रुपये का कमाए हैं. वहीं, दुनियाभर में भूल भुलैया 3 ने 408.52 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है.

## शतक बनाने से चूके, इंग्लिश स्पिनर ने बरपाया कहर

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड बनाम इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल मैदान पर खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। पहले दिन स्टंप्स तक न्यूजीलैंड की टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर 319 रन बना लिए हैं। मैच के पहले दिन लंबे समय के बाद वापसी कर रहे केन विलियमसन का बल्ला गरजा, जिन्होंने 197 गेंदों पर 93 रन बनाए। वह शतक जड़ने से चूके। उनके अलावा कप्तान टॉम लैथम और ग्लेन फिलिप्स ने भी शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, इंग्लैंड के स्पिनर शोएब बशीर ने 4 विकेट लेकर हर किसी को इंप्रेस किया। दरअसल, इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है, जिसके पहले दिन के खेल में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

# श्रीलंकाई टीम हुई शर्मसार, अपने ही इतिहास के सबसे कम स्कोर पर हुई ऑलआउट

नई दिल्ली। श्रीलंकाई टीम गुरुवार को डरबन में चल रहे पहले टेस्ट के दूसरे दिन अपने टेस्ट इतिहास के सबसे छोटे स्कोर पर ऑलआउट हो गई। श्रीलंकाई टीम 42 रन पर ढेर हो गई। दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्को यानसेन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए सात विकेट झटके और श्रीलंकाई बैटर्स का सरेंडर करा दिया। यानसेन ने 6.5 ओवर के अपने गेंदबाजी स्पेल में एक मेडन सहित 13 रन देकर सात विकेट झटके। श्रीलंकाई टीम केवल 13.5 ओवर में 42 रन पर ऑलआउट हुई। यानसेन के अलावा गेराल्ड कोएत्जे (18/2) और कगिसो रबाडा (10/1) ने श्रीलंकाई पारी को सस्ते में समेटने में अहम भूमिका निभाई। श्रीलंका की तरफ से कमिंडु मेंडिस (13) ने सबसे ज्यादा रन बनाए। इसके अलावा लाहिरू कुमार (10*) दहाई संख्या में रन बना सके। श्रीलंका के पांच बैटर्स बिना खाता खोले आउट हुए। श्रीलंका का टेस्ट इतिहास में यह सबसे छोटा स्कोर रहा। इससे पहले अगस्त 1994 में कैंडी में वह पाकिस्तान के खिलाफ 71 रन पर ऑलआउट हुई थी। वैसे, टेस्ट क्रिकेट के इतिहास पर गौर करें तो श्रीलंकाई टीम छठे सबसे छोटे स्कोर पर ऑलआउट हुई। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और भारत भी टेस्ट में 42 रन पर ऑलआउट हो चुके हैं।




# इंडो–वेस्टर्न आउटफिट पहन निक्की तंबोली ने शेयर किया ग्लैम लुक

बिग बॉस की एक्स कंटेस्टेंट निक्की तंबोली आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के कारण सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चाएं बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली हमेश अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से सोशल मीडिया का पारा हाई करती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टाइल स्टेटमेंट देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही है। निक्की तंबोली ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान येलो कलर की इंडो–वेस्टर्न लुक में आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढक़र एक किलर अंदाज में पोज देती हुई सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रही हैं। खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को बेहद ही खूबसूरती से निखारा है। साथ ही उनके चेहरे पर प्यारी सी स्माइल उनके इस लुक पर चार चांद लगा रही है। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं निक्की तंबोली बलखाती हुई कमर कैमरे के सामने फ्लॉन्ट करती हुई फोटोज क्लिक करवा रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन फोटोज को पोस्ट हुए भी अभी कुछ ही घंटे हुए हैं और एक लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने तस्वीरों पर लाइक्स कर दिए हैं।

## विक्रांत मैसी की द साबरमती रिपोर्ट की दैनिक कमाई में भारी गिरावट

विक्रांत मैसी की फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की कहानी 2002 में गुजरात में हुए गोधरा कांड पर आधारित है।भले ही विक्रांत की अदाकारी की चारों ओर सराहना हो रही है, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा रही।वीकेंड पर अच्छा प्रदर्शन करने के बाद अब फिल्म की कमाई में भारी गिरावट देखने को मिली है। द साबरमती रिपोर्ट का कारोबार लाखों में सिमट गया है।आइए जानते हैं 11वें दिन फिल्म की कितनी कमाई हुई। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, द साबरमती रिपोर्ट ने अपनी रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे सोमवार को 85 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 19.45 करोड़ रुपये हो गया है।द साबरमती रिपोर्ट का निर्देशन रंजन चंदेल ने किया है, वहीं एकता कपूर इस फिल्म की निर्माता हैं।इस फिल्म में रिद्धि डोगरा और राशि खन्ना जैसी अभिनेत्रियों ने भी अभिनय किया है। दोनों की अदाकारी की भी तारीफ हो रही है।

# 29 साल के बल्लेबाज ने जड़ा अपना पहला वनडे शतक

नई दिल्ली। पाकिस्तान के 29 साल के बल्लेबाज कामरान गुलाम ने गुरुवार को जिंबाब्वे के खिलाफ तीसरे मुकाबले में अपने वनडे करियर का पहला शतक जड़ा। बुलावायो में खेले जा रहे तीसरे वनडे में गुलाम ने 99 गेंदों में 10 चौके और चार छक्के की मदद से 103 रन बनाए।

कामरान गुलाम को बाबर आजम के रिप्लेसमेंट के रूप में टीम में शामिल किया गया और यही वजह रही कि जब उनका शतक पूरा हुआ तो पूर्व कप्तान की सोशल मीडिया पर किरकिरी होने लगी। जी हां, कामरान गुलाम ने अपना पहला वनडे सैकड़ा पूरा किया तो सोशल मीडिया पर बाबर आजम ट्रोल हुए।

**गुलाम के लिए शतक खास**




बता दें कि कामरान गुलाम ने पिछले ही महीने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक जमाया था। इसके बाद गुलाम ने गुरुवार को अपना पहला वनडे शतक ठोककर फैंस की वाहवाही लूटी है। कामरान गुलाम को पाकिस्तान क्रिकेट का भविष्य माना जा रहा है। पता हो कि गुलाम ने 96वीं गेंद पर अपना शतक पूरा किया था।

**बाबर आजम की लगी क्लास**

गुलाम के शतक के कारण क्रिकेट फैंस के निशाने पर बाबर आजम आ गए हैं। बाबर आजम पिछले कुछ समय से फॉर्म के लिए जूझ रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने बाबर आजम को जमकर ट्रोल किया है।

एक यूजर ने बाबर आजम का फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'करियर पर संकट आ गया है।' वहीं, एक यूजर ने कमेंट किया, 'अब किंग नहीं गुलाम चलेंगे।'

## एक नजर

### रेस्टोरेंट में हुई मारपीट

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** मोटरनगर के समीप स्थित एक रेस्टोरेंट में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। तहरीर के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस को दी तहरीर में रेस्टोरेंट संचालक संदीप आहूजा ने बताया कि बुधवार शाम उनके रेस्टोरेंट में एक व्यक्ति अपने कुछ साथियों के साथ पहुंचा। इसी दौरान व्यक्ति होटल में तैनात कर्मचारियों के साथ अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर व्यक्ति ने कर्मचारियों के साथ मारपीट की। साथ ही उन्हें जान से मारने की भी धमकी दी। इंटरनेट मीडिया पर वायर हो रहे वीडियो में व्यक्ति कर्मचारियों के साथ मारपीट करता हुआ नजर आ रहा है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 31 तक जमा की जाएगी धनराशि

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** गढ़वाल मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन की गुरुवार को यूनियन सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने यूनियन से जुड़े समस्त चालक, परिचालक और खलासियों से नव वर्ष 2025 के सदस्यता शुल्क और बीमा धनराशि यूनियन कार्यालय में जमा करने का आह्वान किया। कहा कि 1 से 31 दिसंबर तक धनराशि को कार्यालय में जमा करवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यूनियन चालक–परिचालकों के हित में लंबे समय से कार्य करती आ रही है, जो भविष्य में भी जारी रहेगी। बैठक में सचिव सुरेंद्र सिंह रावत सहित मनोज कुमार, विनोद नेगी, मंगल सिंह, विजय सिंह, अनुराग नेगी और अव्वल सिंह सहित अन्य चालक-परिचालक मौजूद रहे।

### 4 दिसंबर को होगी परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण परीक्षा

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : अखिल भारतीय स्तर पर परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण को लेकर आयोजित परीक्षा की तैयारियां शुरू हो गई। ६९विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा 4 दिसंबर को आयोजित होगी। सीबीएसई के जिला समन्वयक दामोदर प्रसाद ममगाईं ने बताया कि इस परीक्षा में कक्षा 3, 6 और 9वीं के छात्र हिस्सा लेंगे। परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग ने जहां 150 एफआई की तैनाती की है, वहीं सीबीएसई ने 122 पर्यवेक्षक नियुक्त किए है।

### मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति वितरित की

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : पोखड़ा ब्लॉक के पब्लिक इंटर कॉलेज लियाखाल स्व. मेहरबान सिंह नेगी स्मृति छात्रवृत्ति वितरित की गई। वर्ष 2014 से प्रतिवर्ष यह छात्रवृति उनके पुत्र कर्नल ऋषि मोहन नेगी द्वारा प्रत्येक कक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रदान की जाती है। इस बार कर्नल नेगी के प्रतिनिधि चंद्रमोहन नेगी द्वारा यह छात्रवृत्ति वितरित की गई। साथ ही 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में छात्रवृत्ति की राशि में 25 प्रतिशत वृद्धि करने की घोषणा भी की। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक रावत ने उनका आभार व्यक्त किया।

### सभी के सहयोग से होगा छात्रों का सर्वांगीण विकास

नई टिहरी : आल सेंटस कान्वेंट स्कूल का वार्षिकोत्सव बुधवार को धूमधाम से मनाया। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। बुधवार को वार्षिकोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर बतौर मुख्य अतिथि डीएम मयूर दीक्षित और उनकी पत्नी प्रज्ञा दीक्षित ने किया। इस मौके पर डीएम दीक्षित ने कहा कि इस तरह के उत्सवों में छात्रों को अपने हुनर का प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। जो छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। आयोजित वार्षिकोत्सव में देश के विभिन्न प्रदेशों व संस्कृति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। अतिथियों के स्वागत में स्वागत गान भी प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रबंधक फादर सीसी सेबास्टियन ने विद्यालय की प्रगति आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अध्यक्ष बिजनौर डायसिस के मुख्या विशप विनसेंट नैल्यपरम्बिल ने सभी का अभिभावकों का धन्यवाद प्रेषित कर कहा कि सभी के सहयोग से छात्रों का सर्वांगीण विकास जरूरी है। जिसके लिए समय-समय पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन स्कूल करता है। अतिथि के तौर पर मौजूद एसएसपी टिहरी आयुष अग्रवाल ने कहा छात्रों के मनोबल का मजबूत करने में स्कूलों की गतिविधियां अहम रोल निभाती हैं। छात्रों की प्रतिभागिता उनके जोश को उबारने का काम करती है। इस मौके पर एसडीएम अपूर्वा सिंह, सौमिन मुखर्जी, कमल बहुगुणा, सिस्टर लिंडा, सिस्टर वंदना, भागवत रौतेला, विक्रम सिंह कठैत, चरणजीत, पिंकी उनियाल, संगीता चौहान, अंजुला विष्ट, उपेंद्र करपवाण, रिषिका नाथ, ललिता पैन्यूली आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## बंदर व लंगूर बने मुसीबत, घरों से निकलना भी हुआ मुश्किल


कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत गली–मोल्लों में घूमते बंदर

### गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में लगातार बढ़ रही बंदरों की संख्या

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार के गली-महोल्लों में लगातार बंदर व लंगूरों की संख्या बढ़ती जा रही है। मोहल्लों में घूमने वाले बंदर व लंगूर के कारण आमजन का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। मुसीबत से निजात के लिए शहरवासी कई बार जिम्मेदार अधिकारियों की चौखट रगड़ चुके हैं। लेकिन, वन विभाग व नगर निगम लापरवाह बना हुआ है। इधर, अस्पताल में रोजाना बंदर के हमले में घायल लोग पहुंच रहे हैं।

पिछले कुछ माह से क्षेत्र में बंदरों व लंगूर की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। सुबह से ही बंदर घरों में उत्पात मचाना शुरू कर देते हैं। बंदरों के कारण वार्डवासियों का अपने घरों की छत पर कपड़े व अनाज सुखाना भी मुश्किल हो गया है। कामरुप नगर निवासी गजेंद्र बड़थ्वाल, मुन्नी देवी, पुष्पा देवी ने बताया कि बंदरों ने छतों में लगे टंकी के ढक्कन तक तोड़ दिए हैं। यही नहीं, बंदरों के डर से बच्चों ने घर के बाहर खेलना भी छोड़ दिया है।

अभिभावकों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने व लेने के लिए साथ में जाना पड़ रहा है। बंदरों ने घरों के बाहर खेतों में लगाई गई साग–सब्जियों को भी बर्बाद कर दिया है। दरवाजे खुले होने पर बंदरों का झुंड घर के अंदर पहुंच जाता है।

#### सड़क पर भी हो रही दुर्घटनाएं

बंदरों का झुंड मोहल्लों के साथ ही शहर की सड़कों पर भी घूमा रहा है। ऐसे में अचानक से सड़क पार कर रहे बंदरों से दोपहिया वाहन चालकों को खतरा बना रहता है। शनिवार को मानपुर में सड़क पार कर रहे बंदर को देख एक बाइक चालक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम व वन विभाग से बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाने की मांग की है।

### विद्यार्थियों को दी गुड टच बेड टच की जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः नगर क्षेत्र के अंतर्गत ग्रीन पब्लिक स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी की ओर से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को गुड टच बेड टच की जानकारी दी गई। बृहस्पतिवार को शिविर का उद्घाटन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी अकरम अली ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर की शुरुआत में छात्र–छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अकरम अली ने छात्र–छात्राओं को बाल अधिकार संरक्षण, साइबर क्राइम, पॉक्सो, महिला अपराध, नशा, बाल अपराध, गुड टच बेड टच आदि के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में विद्यालय के प्रबंधक राकेश डोबरियाल, प्रधानाचार्य संगीत बुड़ाकोटी, थानाध्यक्ष सतपुली दीपक तिवाड़ी, अपर उपनिरीक्षक सोहन लाल टम्टा, हरि सिंह, मनीष खुगशाल आदि उपस्थित रहे।

### नरेंद्र सिंह कनुपुड़िया अध्यक्ष व रवींद्र सिंह बने मंत्री

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः एकेश्वर प्रखंड में अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक एसोसिएशन की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में नरेंद्र सिंह कनुपुड़िया को अध्यक्ष व रवींद्र सिंह को मंत्री की जिम्मेदारी दी गई।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष जगदीश राठी ने बताया कि एकेश्वर ब्लाक में नरेंद्र सिंह कनुपुड़िया को अध्यक्ष, हेमंती को उपाध्यक्ष, रवींद्र को मंत्री व नरेंद्र को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष हरीश कुमार, संजीव कुमार, योगेंद्र शमशेर आदि मौजूद रहे।

### दल ने दी स्व. त्रिवेंद्र पंवार को श्रद्धांजलि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः उत्तराखंड क्रांति दल की स्थानीय इकाई की ओर से गुरुवार को शिब्बू नगर स्थित कार्यालय में आयोजित सभा में दल के केंद्रीय संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष स्व. त्रिवेंद्र सिंह पंवार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्व. त्रिवेंद्र पंवार के उत्तराखंड राज्य आंदोलन में योगदान पर चर्चा कर उनके निधन को दल के लिए अपूर्णीय क्षति बताया।

मौके पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। श्रद्धांजलि देने वालों में पार्टी नेता डॉ. शक्ति शैल कपरवाण, महेंद्र सिंह रावत, सत्य प्रकाश भारद्वाज, जगदीपक सिंह रावत, सत्यपाल सिंह नेगी, प्रवेश चंद्र नवानी और हरीश द्विवेदी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## एसडीएम ने ली टास्क फोर्स की बैठक, मांगे सुझाव

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : वीरवार को उपजिलाधिकारी पौड़ी दीपकचंद्र सेट की अध्यक्षता में तहसील सभागार में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक विकास और उनके प्रति होने वाले अपराधों में कमी लाने के लिए सुझाव मांगे गये। बैठक में पौड़ी, कोट, कल्जीखाल, पाबौ के खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत, बाल विकास विभाग के सभी खंडों के बाल विकास परियोजना अधिकारी मौजूद थे। संयुक्त मजिस्ट्रेड दीपकचंद्र सेट ने संबधित विभागों से स्कूल ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या, भ्रूण हत्या, लिंगानुपात, गर्भ में बच्चे का लिंग पता करने संबंधी घटनाओं, पोषण आहार पर निगरानी, पोक्सो एक्ट, दहेज, बाल विवाह एवं महिलाओं व किशोरी बालिकाओं संबंधी अपराध एवं दुर्व्यवहार संबंधी घटनाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही बालिकाओं को किस प्रकार से शारीरिक एवं मानसिक तौर पर मजबूत किया जाए, ताकि उनके प्रति होने वाले अपराधों में कमी आ सके इसके लिए सुझाव भी दिए। बैठक में तहसीलदार दिवान सिंह राणा, बाल विकास परियोजना अधिकारी पौड़ी आशा रावत, कोट श्रीमती अंजू चमोली, पाबों चंद्रकला एवं कल्जीखाल श्रीमती सुनीता तोपाल, पौड़ी विकासखंड के खंड विकासाधिकारी दिनेश सिंह नेगी सहित खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास विभाग रेवती डंगवाल, महाराज सिंह आदि मौजूद थे।




## धूमधाम से मनाया गया नन्ही दुनिया भावी राष्ट्र का स्थापना दिवस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः नन्हीं दुनिया भावी राष्ट्र का 22 वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सामाजिक मुद्दों को लेकर भी चर्चा की गई। सदस्यों ने आगे बढ़कर समाज सेवा का संकल्प लिया।

गुरुवार को पदमपुर- मोटाढांक में संस्था के स्थापना दिवस मनाया गया। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष रामभरोसा कंडवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज को बेहतर दिशा की ओर ले जाना है। यह संगठन बच्चों में मूल्य आधारित शिक्षा, राष्ट्र भक्ति व भारतीय संस्कृति के प्रचार–प्रसार के लिए सतत कार्यरत है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र, एक भाषा व एक ध्वज के लक्ष्य के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता अटूट है।

जेएस नेगी ने सामाजिक हितों को लेकर चर्चा की। कहा कि गरीब व असहाय व्यक्तियों की बेहतर मदद के लिए हम सभी को एक होना होगा। मेघा ध्यानी, वैशाली चौहान व प्रिया रावत ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। सदस्यों ने बद्रीनाथ जी की आरती के साथ ही वंदेमातरम की प्रस्तुति दी। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नैल–गुजराड़ा के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा में योगदान देने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर नंदन सिंह नेगी, रेखा ध्यानी, अमित गुसाई, मेघा ध्यानी, प्रिया रावत, वैशाली, अनूप ,जगत सिंह नेगी, मनमोहन काला आदि मौजूद रहे।



नन्ही दुनिया भावी राष्ट्र संस्था के स्थापना दिवस पर समाजसेवियों को सम्मानित करते संस्था के सदस्य

## सड़क पर मलबा फेंका, बढ़ने लगी समस्या

**जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वारः** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 33 में ठेकेदार की लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही है। वार्ड में नाली निर्माण के बाद ठेकेदार मलबे को सड़क पर ही छोड़कर चला गया। जिससे आमजन को आवागम में काफी परेशानी हो रही है।

कुछ दिन पूर्व सिंचाई विभाग की ओर से बालागंज में सड़क किनारे नाली का निर्माण करवाया गया था। निर्माण कार्य करवा रहे ठेकेदार ने नाली तो बना दी। लेकिन, निर्माण कार्य के दौरान एकत्रित हुए मलबे को उठाने की सुध नहीं ली। नतीजा, मलबा जगह–जगह मार्ग पर बिखरा हुआ है। क्षेत्रवासी संदीप कुमार, गौरव कुमार, शुभम ने बताया कि मार्ग से वाहन गुजरने पर पूरी धूल उड़ने लगती है। धूल में आसपास रहने वाले परिवारों का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो रहा है। वार्डवासियों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को भी समस्या से अवगत करवाया था। लेकिन, किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने मौके पर झांककर नहीं देखा। निर्माण कार्य करने वाला ठेकेदार भी लापरवाह बना हुआ है। कुछ माह पूर्व बने सीसी मार्ग की स्थिति मलबे के कारण पूरी तरह बिगड़ चुकी है। कहा कि यदि जल्द ही मलबे को नहीं उठाया गया तो वार्डवासी आंदोलन को मजबूर होंगे।


भाबर क्षेत्र के अंतर्गत बालागंज वार्ड नंबर 33 में सड़क पर पड़ा मलबा

### पौड़ी में विंटर सनसेट फेस्टिवल करवाया जाएं

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति ने शहर में विंटर सनसेट फेस्टिवल करवाने की मांग की है। कहा कि इस फेस्टिवल से शहर के पर्यटन को पहचान मिलेगी। कहा कि समिति लंबे समय से शहर में विंटर सनसेट फेस्टिवल करवाने की मांग कर रही है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।समिति ने गुरुवार को डीएम से मुलाकात कर फेस्टिवल को भव्य रूप से मनाने के लिए जल्द बैठक करवाने की मांग की।

समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत, सचिव गबर सिंह नेगी आदि ने शीत ऋतु में शहर में विंटर सनसेट फेस्टिवल करवाते हुए फेस्टिवल में पेशेवर और शोकिया फोटोग्राफरों, चित्रकारों की फोटोग्राफी और चित्रकारी, क्षेत्रीय दलों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, तैयार फोटो और पेंटिंग की प्रदर्शनी, स्थानीय खाद्य पदार्थों व उत्पादों की प्रदर्शनी, स्थानीय शिक्षण संस्थानों, क्लबों के बीच फुटबाल, विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताएं, प्रदर्शनी, मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित कराने की मांग की है।

### एनआईटी कैंपस बनाने को पहले चरण में 315 पेड़ों के पालन की मिली अनुमति

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : सुमाड़ी में प्रस्तावित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) का परिसर बनाने को लेकर यहां खड़े पेड़ों के कटान की संस्तुति वन सरंक्षक गढ़वाल ने भी दी है। पहले चरण में 315 पेड़ों के पातन की अनुमति मिली है। डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरुद्ध ने बताया कि सीएफ स्तर पर संस्तुति के बाद शर्तों के साथ पहले चरण में 315 पेड़ों के पातन की अनुमित दे दी गई है। यहां खड़े आम, पीपल और बरगद जैसी प्रजातियों के पेड़ों के कटान की अनुमति नहीं है, इन्हें यहां से हटाकर दूसरी सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट करना होगा। जितने पेड़ कटेंगे, ठीक उससे दो गुने नए पेड़ों को लगाना पड़ेगा। बता दें कि डीएफओ गढ़वाल ने अपनी संस्तुति सहित रिपोर्ट सीएफ को भेज दी थी। जिसमें कई दौर के निरीक्षण के बाद एनआईटी परिसर को बनाने में 979 पेड़ों के कटान की बात कही गई थी। सीएफ की संस्तुति के बाद डीएफओ गढ़वाल ने पहले चरण में 315 पेड़ों के पातन की अनुमति विभिन्न शर्तों के साथ दे दी है। सुमाड़ी में जिस भूमि पर एनआईटी का स्थाई कैंपस बनना है, वहां हरे पेड़ होने की वजह से कार्यदायी संस्था काम नहीं कर पा रही थी। इसके लिए पहले पेड़ों के कटान की अनुमति वन विभाग से लेने को लेकर एनआईटी प्रशासन ने पत्राचार किया था। जिस पर वन विभाग की टीम ने कई दौर के निरीक्षण कर हरे पेड़ों का आंकलन किया था। अब जाकर एनआईटी के स्थाई परिसर के निर्माण में फंसा पेच हल हो पाया है। एनआईटी का अस्थाई कैंपस भी बीते कई सालों से श्रीनगर में संचालित हो रहा है। वन विभाग ने 979 पेड़ों में से पहले चरण में 315 पेड़ों के कटान की अनुमति अपनी कई शर्तों के साथ दे दी है। एनआईटी के स्थाई कैंपस बनाने के लिए सुमाड़ी के पास करीब 22.1598 हेक्टेअर भूमि का चयन हुआ है।

## आपदा प्रबंधन बचाव का दिया प्रशिक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : परिवहन विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को कंडोलिया मैदान में फर्स्ट रिस्पॉन्डर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के समय साहस धैर्य से स्वयं का बचाव करें और अन्य लोगों तथा जीव जंतुओं की भी सुरक्षा करे। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं कभी भी, कही भी और किसी भी समय सकती है। इसके लिए हर व्यक्ति को अपडेट रहना चाहिए और समय-समय पर आयोजित प्रशिक्षण शिविरों में भाग लेकर जानकारी प्राप्त कर आपदाओं से बचने अन्य लोगों की सुरक्षा के गुर सीखने चाहिए।

कार्यक्रम में वाहन चालकों, परिचालकों आदि को सड़क दुर्घटनाओं के दौरान राहत और बचाव कार्यों की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में एआरटीओ एनके ओझा ने प्राथमिक उपचार, घायलों की सहायता, आपातकालीन सेवाओं को सूचित करने और दुर्घटनास्थल पर उचित कदम उठाने के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। बताया कि प्रशिक्षण सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और दुर्घटनाओं के बाद समय पर राहत कार्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम है। इस तरह के प्रशिक्षण कोटद्वार व श्रीनगर में भी कराए जाएंगे। प्रशिक्षण में एसडीआरएफ के जवानों द्वारा वाहन चालकों व परिचालकों को आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉक प्रशिक्षण भी कराया गया।


### क्षेत्र पंचायत/ग्राम पंचायतों के लिए प्रशासक नियुक्त

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : क्षेत्र पंचायतों के कार्यों के निर्वहन हेतु विकास खंडवार प्रशासक नियुक्त किए गए हैं। नियुक्त किए गए प्रशासकों द्वारा सामान्य रूटीन कार्यों का ही निर्वहन किया जाएगा तथा नियुक्त प्रशासक नीतिगत निर्णय नहीं ले सकेंगे। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देश पर जनपद के अंतर्गत नई ग्राम पंचायतों के गठन होने तक संबंधित विकासखंड के सहायक विकास अधिकारियों (पं.) को प्रशासक नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देश पर निर्गत आदेश के अनुसार विकास खंड अगस्त्यमुनि हेतु उप जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग आशीष चंद्र घिल्डियाल को प्रशासक नियुक्त किया गया है। इसी तरह विकासखंड जखोली हेतु उप जिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया, जबकि विकासखंड ऊखीमठ के लिए उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला प्रशासक नियुक्त किए गए हैं। 30 नवंबर (शनिवार) से प्रशासकों द्वारा उन्हें आवंटित क्षेत्र पंचायतों का कार्यभार ग्रहण किया जाएगा।

## गणित में दीपशिखा को मिला स्वर्ण पदक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः गणित विषय में अव्वल स्थान प्राप्त करने पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा दीपशिखा को स्वर्ण पदक मिला है। छात्रा की सफलता पर अभिभावकों व शिक्षकों ने खुशी व्यक्त की। महाविद्यालय के प्राचार्य डा.डीएस नेगी ने दीपशिखा को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि 83.1 प्रतिशत अंकों के साथ दीपशिखा ने श्री देव सुमन विश्वविद्यालय में सवोच्च अंक प्राप्त किए। उनकी इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय की ओर से उन्हें स्वर्ण पदक दिया गया है। गणित विभाग प्रभारी डा.तृप्ति दीक्षित, विभाग प्राध्यापक डा.अजय सिंह व डा.पवन भट्ट ने बताया कि छात्रा की इस सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। कहा कि मेहनत करने वाले विद्यार्थी को एक दिन अवश्य सफलता मिलती है।


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रा दीपशिखा को सम्मानित करते प्राचार्य व अन्य

## राज्य में पहले स्थान पर रहे जीआईसी जगतेश्वर के शिक्षक हर्षवर्धन

### एनसीईआरटी सभागार देहरादून में संपन्न हुआ राज्य स्तरीय संगीत सम्मान समारोह

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : देहरादून में संपन्न राज्य स्तरीय संगीत सम्मान समारोह 2024 में पौड़ी जिले के प्रतिभागियों ने जिले के नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में तीन प्रतिभागियों ने प्रथम और तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि तीन प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार मिले।कार्यक्रम से लौटे कार्यक्रम समन्वयक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चड़ीगांव के प्रवक्ता विनय किमोठी ने बताया कि एनसीईआरटी सभागार देहरादून में 26 और 27 नवंबर को राज्य स्तरीय संगीत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पौड़ी जनपद के पांच प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें दो अध्यापक और तीन छात्र-छात्राएं शामिल थीं। उन्होंने बताया कि सहायक अध्यापक हर्षवर्धन भट्ट राजकीय इंटर कॉलेज जगतेश्वर पाबों ने शास्त्रीय संगीत वादन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सहायक अध्यापक डॉ. लता पांडे, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज श्रीनगर सुगम संगीत में तीसरे स्थान पर रही। राजकीय इंटर कॉलेज कंडारा की छात्रा आंचल ने लोकनृत्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि नंदनी राय राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार लोकनृत्य और प्रतिष्ठा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज घमंडपुर कोटद्वार को शास्त्रीय गायन में सांत्वना पुरस्कार मिला। डायट के प्राचार्य स्वराज सिंह तोमर और कार्यक्रम समन्वयक विनय किमोठी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य स्तर पर होने वाली इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं और अध्यापकों को बड़ा मंच मिल रहा है। जो उनके लिए एक प्रगति का एक सुअवसर है।




**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आइडिन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी0एस0टी0 व ई0पी0एफ0 में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 17.12.2024 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 16.12.2024 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 24/2024–25 | रू0 250/– | वि0वि0 उपखण्ड तृतीय, जयहरीखाल के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त परिवर्तक बदलना का कार्य। | 8000.00 |
| 25/2024–25 | रू0 100/– | वि0वि0 उपखण्ड द्वितीय, कोटद्वार के अन्तर्गत ग्राम सिमलना मल्ला में परिवर्तक शिफ्टिंग का कार्य। | 5000.00 |

पत्रांक : 3217/विविखको/टी–6
दिनांक : 28.11.2024

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

## एक नजर

### पर्यावरण के अनुकूल कदम उठाने पर दिया जोर

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के डॉ. आंबेडकर उत्कृष्ट केंद्र (डीएसईई) ने पहाड़ों के विकास मॉडल की समीक्षा विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के प्रो. एसपी सती ने हिमालय के महत्व को विस्तृत तौर पर स्पष्ट किया। उन्होंने हिमालय श्रृंखला को विश्व का जल-स्तम्भ, विश्व का तीसरा ध्रुव और स्थानिक प्रजातियों का आवास बताया। उन्होंने हिमालय क्षेत्रों में विकास के लिए बेहतर वैज्ञानिक दृष्टिकोण व पर्यावरण के अनुकूल कदम उठाने पर जोर दिया। इस मौके पर आंबेडकर उत्कृष्टता केन्द्र के समन्वयक प्रो. एमएम सेमवाल ने अन्य विद्वान वक्ताओं का अभिनंदन करते हुए पहाड़ों की भंगुर स्थलाकृति एवं सतत विकास पर चर्चा करते हुए पहाड़ों में विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा मॉडल के संतुलन पर जोर दिया। प्रो. सेमवाल ने पहाड़ों के विकास मॉडल को इकोलॉजी के महत्व एवं पारंपरिक ज्ञान को केंद्र में रखकर बनाए जाने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम का संचालन शोधार्थी विदुषी डोभाल ने किया। कार्यक्रम में डीएसईई केन्द्र के शिक्षक डॉ. प्रकाश कुमार सिंह, डॉ. आशीष बहुगुणा, डॉ. प्रश्न मिश्रा सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### दो दिवसीय स्टार्टअप बूटकैंप शुरू

रुद्रप्रयाग : राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत दो दिवसीय स्टार्टअप बूटकैंप का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य उत्तराखंड में उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है। यह पहल उच्च शिक्षा उत्तराखंड द्वारा संचालित और उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद द्वारा कार्यान्वित की जा रही है, जिसका मकसद युवाओं में कार्य के प्रति उत्साह और जिज्ञासा उत्पन्न करना था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष त्रिपाठी की देखरेख में आयोजित इस बूटकैंप में कार्यक्रम प्रबंधक (डीयूआई) सुश्री रतुला दास ने मार्ग दर्शन किया। इस दौरान स्टार्टअप से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, जैसे विचार और नवाचार, उद्यमशीलता कौशल विकास, मार्गदर्शन, नेटवर्किंग के अवसर और स्टार्टअप की संभावनाओं पर चर्चा की गई। युवाओं को नौकरी के अवसर पैदा करने, आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने और सफलता पूर्वक व्यवहार्य स्टार्टअप योजना प्रस्तुत करने वालों को 75 हजार रुपये की सीड फंड प्रदान करने पर भी मंथन किया गया। इस अवसर पर नोडल डॉ. जेएमएस रावत, समिति सदस्य नवीन महाजन, डॉ. विक्रम वीर भारती, डॉ. पूजा रानी, डॉ. अनिता बिष्ट, डॉ. एमपी विश्वकर्मा, श्रीकांत नौटियाल, डॉ. गोपी प्रसाद, और अन्य प्रमुख गणमान्य लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

### ड्रिंक एंड ड्राइव में दो गिरफ्तार

नई टिहरी : थाना घनसाली पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव में दो वाहन चालकों को गिरफ्तार कर वाहनों को सीज किया है। यह जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष घनसाली संजीव थपलियाल ने बताया कि एसएसपी आयुष अग्रवाल के निर्देश पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत थाना घनसाली पुलिस ने बीती रात कार चालक विकास राणा पुत्र राम सिंह राणा, निवासी घनसाली और स्कूल बस चालक गोविंद सिंह पुत्र सुंदर सिंह, निवासी चमियाला घनसाली को शराब के नशे में वाहन चलाने पर गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों वाहनों को सीज कर दिया है। (एजेंसी)

### कांग्रेस का डिजिटल सदस्यता अभियान शुरू

देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की नई वेबसाइट और डिजिटल सदस्यता अभियान का गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कांग्रेस भवन में शुभारंभ किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने सोशल मीडिया के प्लेटफार्म का अधिक से अधिक उपयोग कर कांग्रेस के विचारों को जन जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि आज सोशल मीडिया केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जनसेवा और जनता तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का सबसे प्रभावी साधन बन चुका है। उत्तराखंड कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग का यह कदम डिजिटल युग में पार्टी को मजबूत और सक्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे इस डिजिटल प्लेट-फॉर्म का पूरा उपयोग करें।

सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष विकास नेगी ने कहा डिजिटल सदस्यता अभियान के पहले चरण में एक लाख नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य है।

# प्राथमिकता के आधार पर कार्य योजना तैयार करें



जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : जिला प्रशासन की ओर से गुरुवार को जिला गंगा संरक्षण समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में गंगा संरक्षण के लिए सहायक नदियों की स्वच्छता को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में परियोजना निदेशक आनंद सिंह भाकुनी और बदरीनाथ वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी सर्वेश दुबे ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नगर पालिका, पेयजल निगम, जल संस्थान, कृषि, सिंचाई, वन विभाग, मनरेगा और स्वजल के अधिकारियों को जिला गंगा प्लान के तहत आगामी पांच वर्षों में किए जाने वाले कार्यों की प्राथमिकता के आधार पर कार्य योजना तैयार करने का कहा।

बैठक में परियोजना अधिकारी ने कर्णप्रयाग में निर्मित एसटीपी को शीघ्र हस्तांतरित करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने नगर क्षेत्रों में किए जा रहे डोर-टू-डोर कलेक्शन को सोर्स सेग्रिगेट करने साथ ही कूड़ा वाहनों में भी जैविक व अजैविक कचरे को अलग-अलग रखने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान एंटी लिटरिंग एंड एंटी स्पिटिंग और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के तहत नियमित निरीक्षण करने के बात कही। बदरीनाथ वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी व वन विभाग के नोडल अधिकारी सर्वेश दुबे ने जिले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से होटलों को एसटीपी निर्माण के लिए दिए नोटिस के क्रम में पत्राचार कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को एक माह के भीतर कार्य योजना बनाने की बात कही। साथ ही उन्होंने पेयजल निगम के अधिकारियों को हल्दापानी भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में स्थित आवासीय क्षेत्र में सीवर निकासी की कार्य योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी गोविंद सिंह ने बताया कि कर्णप्रयाग में निर्मित एसटीपी के हस्तांतरण को लेकर जल संस्थान की ओर से सहमति प्रदान की जा चुकी है। सभी एसटीपी जल्द जल संस्थान को हस्तांतरित किए जाएंगे। वहीं उन्होंने बताया कि जनपद में एंटी लिटरिंग एंड स्पिटिंग एक्ट में कुल 54 सामने आए हैं। जिन पर कार्रवाई करते हुए पालिका व पंचायतों की ओर से 1 लाख 64 हजार 400 का अर्थदंड वसूला गया है। जबकि प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के उल्लंघन के 37 मामलों में कार्रवाई की गई है। वहीं जनपद में प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन करने वाले 26 होटलों की सूची प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सौंपी गई है। जिसमें बोर्ड की ओर से कार्रवाई की जा रही है। इस मौके पर एसीएमओ डा. एमएस खाती, जल संस्थान के अधिशासी अभियंता एसके श्रीवास्तव, महाप्रबंधक उद्योग विभाग बीएस कुंवर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सीजीआरएफ ने बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं

नई टिहरी : पिपलडाली बाजार में गुरुवार को आयोजित एक शिविर में बिजली उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच (सीजीआरएफ) ने जनपद के नई टिहरी, घनसाली और जाखणीधार क्षेत्र के उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित समस्याएं सुनीं। इस शिविर में 12 से ज्यादा शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि बाकी शिकायतों के समाधान के लिए बिजली विभाग को निर्देश जारी किए गए। शिविर में शिविर में पेटव गांव के केवलराम पेटवाल, चौंरी की बिकरा देवी, सूंठधार की रुक्मणी देवी, चाह के उत्तम सिंह, अनेठी के राजकुमार, गुमान सिंह, प्रदीप सिंह भटकंडा, मकान सिंह, सुषमा देवी, विनोद सिंह मेहराप, ऋषिराम उड़ोली, जगत राम नन्दगांव, संग्राम दास, नलदास गडोलिया ने ज्यादा बिल आने, खराब मीटर ठीक करने पर बिल न मिलने, झूलती बिजली की तारों से खतरा, पेड़ों की लोपिंग चॉपिंग समय से न करने की शिकायतें दर्ज कराई गई। जिनमें ज्यादातर शिकायतें ज्यादा बिजली बिल आने, खराब मीटर ठीक न होने, झूलती बिजली की तारों से खतरा, पेड़ों की लोपिंग (चॉपिंग) समय पर न होने और घनसाली डिवीजन से बिल बुक टिहरी ट्रांसफर करने से जुड़ी थीं। इसके अलावा, उपभोक्ताओं ने बिल बुक बदलने और बंच केबल (एबी केबल) लगाने की भी मांग की। मंच के न्यायिक सदस्य कीर्ति प्रसाद भट्ट, तकनीकी सदस्य भूपेंद्र कनेरी, उपभोक्ता सदस्य संतोष भट्ट, और अन्य विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी और बिजली सेवा की गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए। शिविर में उपभोक्ताओं को एसएमएस और अन्य सुविधाजनक माध्यमों से सही और समय पर बिल जारी करने की सलाह दी गई।

## एसआरटी परिसर ने अंतर महाविद्यालय खोखो प्रतियोगिता जीती

नई टिहरी : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता में एसआरटी परिसर टिहरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को एसआरटी परिसर टिहरी में पारिवारिक परिषद के निदेशक प्रो. एमएस नेगी और क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो. पीडी सेमल्टी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रतियोगिता में राठ महाविद्यालय पैठाणी, डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून, गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिड़ला परिसर श्रीनगर और एसआरटी परिसर टिहरी ने भाग लिया। आयोजक सचिव डॉ. केसी पेटवाल के अनुसार, पहले सेमीफाइनल में एसआरटी परिसर टिहरी ने डीएवी कॉलेज देहरादून को एक पारी और 7 अंकों से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में बिड़ला परिसर श्रीनगर ने पैठाणी को एक पारी और 9 अंकों से मात दी। फाइनल में एसआरटी परिसर टिहरी और बिड़ला परिसर श्रीनगर के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें एसआरटी परिसर ने 17-15 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ एसआरटी परिसर टिहरी ने प्रतियोगिता की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। विजेता और उपविजेता टीमों को प्रभारी निदेशक प्रो. एमएस नेगी, प्रो. आरसी रमोला, क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो. पीडी सेमल्टी, और छात्र संघ अध्यक्ष आदित्य ने प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किए। डॉ. पेटवाल ने बताया कि 4 दिसंबर को एसआरटी परिसर से विश्वविद्यालय की टीम नॉर्थ जोन प्रतियोगिता में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब में भाग लेने के लिए रवाना होगी। इस अवसर पर यूएस नेगी, डा. हंसराज बिष्ट, डा. पूनम, डा. प्रेम बहादुर, डा. पित्रेश, डा. सुदामा लाल, राजेंद्र सिंह, भगत सिंह, रविंद्र, दीपक, अमन, विकास, परमिंदर, रजत, राजीव, विपिन, राजन, दिव्यांशु, उज्ज्वल, सुभाष, कमलेश्वर, शीशपाल, दिनेश, अजय, गौरव आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### तीस नंवबर को पौड़ी तहसील सभागार में होगी बैठक

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : संयुक्त मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी बारहस्यूँ पौड़ी दीपक रामचन्द्र शेट ने बताया कि 30 नवंबर को पूर्वाहन 11 बजे तहसील पौड़ी के सभागार में अत्यन्त आवश्यक बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने विधायक पौड़ी विधानसभा क्षेत्र पौड़ी, पूर्व विधायक पौड़ी, नगर पालिका अध्यक्ष पौड़ी, प्रमुख क्षेत्र पंचायत पौड़ी, जिला पंचायत सदस्यगण पौड़ी, समस्त ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत पौड़ी, अध्यक्ष बार एसोसियेशन पौड़ी, अध्यक्ष पत्रकार एसोसियेशन, तहसील पौड़ी, अध्यक्ष व्यापार संघ पौड़ी, खण्ड विकास अधिकारी पौड़ी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् पौड़ी तथा अन्य समस्त बुद्धिजीवीगणों व हितधारकों से तहसील पौड़ी के सभागार में आहूत आवश्यक बैठक में प्रतिभाग कर अपने बहुमूल्य सुझाव एवं मन्तव्य प्रदान करने की अपील की है।

# वायु सेना का दल एक्सपीडिशन के लिए रवाना



जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : भारतीय वायु सेना समय-समय पर एडवेंचर गतिविधियां करती रहती है। एयरफोर्स हेडक्वार्टर एडवेंचर सेल दिल्ली के तत्वाधान में चमोली अलकनंदा नदी घाट से ऋषिकेश के लिए वायु सेना के विंग कमांडर विजय भट्ट के नेतृत्व में 14 वायु सैनिकों एवं 2 गाइडों का एक दल एक्सपीडिशन के लिए रवाना हुआ। यह दल 3 दिसम्बर को ऋषिकेश पहुंचेगा। व्हाइट वाटर राफ्टिंग के लिए गंगा नदी सबसे चुनौतीपूर्ण नदियों में से एक मानी जाती है।

विंग कमांडर विजय भट्ट ने बताया कि वायु सेना द्वारा इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर कराए जाते हैं। वायु सैनिकों को एडवैंचर गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाता है। जहां युवा इससे सेना में आने के लिए प्रेरित होंगे वहीं स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले वायु सेना द्वारा लेह में और गंगा नदी में एक्सपीडीशन किए गए हैं।

गाईड विवेक नेगी ने बताया कि चमोली घाट से एक्सपीडिशन प्रारम्भ हो रहा है, जिसमें वायु सैनिकों को व्हाइट वॉटर रिवर राफ्टिंग में रेस्क्यू, पैड लिंग, कैसे दूसरों को सेव करना है आदि गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 25 किलोमीटर के हिसाब से सैक्शन बनाए गए हैं। एक्सपीडिशन से स्थानीय नौजवान मोटीवेट होंगे और अपने स्थानीय स्तर पर रोजगार प्राप्त कर सकेंगे।

# कार्यशाला में पुलिस कर्मियों को दी कोटपा एक्ट जानकारी



जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : स्वास्थ्य विभाग पौड़ी द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कोतवाली पौड़ी में कोटपा एक्ट 2003 की धाराओं व चालान संबंधित गतिविधियों को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

एन.टी.सी.पी कंसलटेंट स्वेता गुसाईं ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को ई-सिगरेट प्रतिबंध तथा हुक्का बार प्रतिबंध संबंधित नियमों के साथ ही तंबाकू उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर जानकारी दी। बताया कि जिला चिकित्सालय पौड़ी में एन.सी.डी. क्लीनिक के अंतर्गत तंबाकू उन्मूलन केंद्र स्थापित किया गया है, जिसमें कि जो भी लोग तंबाकू छोड़ना चाहते हैं, उनके लिए निःशुल्क काउंसलिंग व दवाओं की सुविधा प्रदान की जाती है। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध, 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू उत्पाद बेचने पर प्रतिबंध, शिक्षण संस्थानों से 100 गज के दायरे के भीतर किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर प्रतिबंध एवं उक्त नियमों का उल्लंघन करने पर कोटपा अधिनियम की धारा 4 व 6 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही करने संबंधित जानकारी दी। इस मौके पर एसएसआई वेद प्रकाश, एसआई लक्ष्मी जोशी, कांस्टेबल अनिल बिजल्वाण, प्रवीण पुरी, एनटीसीपी काउंसलर दुर्गा नेगी, बालाजी सेवा संस्थान से ममता थापा व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### सोने की चेन लूटने वाला आरोपित गिरफ्तार

श्रीनगर गढ़वाल : महिला को झांसा देकर सोने की चेन चुराकर फरार हुए युवक को पुलिस ने बुघाणी रोड से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि श्रीनगर निवासी अनीता रावत ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बीती 17 नवम्बर को बैकुंठ चतुर्दशी मेले में एक अनजान युवक ने अपना फर्जी नाम बताकर उसे झांसा देकर धोखे से उसकी सोने की चेन लेकर फरार हो गया। फरार युवक की महिला और उसके परिजनों ने काफी दिनों तक तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। जिसके बाद उन्होंने कोतवाली में तहरीर दी। कोतवाल मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर पर महिला के साथ धोखाधड़ी करने वाले युवक की सीसीटीवी कैमरों की मदद से सुरागरसी कर 23 वर्षीय हिमांशु नेगी, निवासी बणद्वार, थाना गोपेश्वर, चमोली को महिला की सोने की चेन के साथ बुघाणी रोड श्रीनगर से गिरफ्तार किया गया।

## श्रीनगर को सर्वोच्च स्थान दिलाना सबकी प्राथमिकता : नगर आयुक्त

श्रीनगर गढ़वाल : स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों और जैविक-अजैविक कूड़े का स्वयं निस्तारण करने के संबंध में नगर आयुक्त श्रीनगर नूपुर वर्मा ने नगर निगम सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। नगर आयुक्त नूपुर वर्मा ने विशेषज्ञ टीम भेजकर घरेलू कूड़े से खाद बनाने की विधि की ट्रेनिंग देने और स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर निगम श्रीनगर को सर्वोच्च स्थान दिलाने को सभी नगरवासियों की प्राथमिकता बताया। उन्होंने बताया कि नगर निगम ने नगर क्षेत्र से निकलने वाले कूड़े-कचरे से जैविक खाद बनाने की पहल शुरू की है। गिरगांव के समीप निगम के ट्रंचिंग ग्राउंड में जैविक खाद बनाई जा रही है। प्रथम चरण में 13 टन जैविक खाद बन गई है। आगामी दो दिसम्बर को आवास विकास मैदान में संपन्न हुए बैकुंठ चतुर्दशी मेले के उपलक्ष्य में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें लगभग एक हजार से अधिक स्वयंसेवक प्रतिभाग करेंगे। कहा कि स्वच्छता अभियान में स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता एवं जागरूकता रैलियों का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में श्रीनगर को स्वच्छ बनाने के लिये एनआईटी, पुलिस थाना, जीआईसी, पॉलीटेक्निक, एसएसबी, केवी, मेडिकल कॉलेज, पीडब्ल्यूडी द्वारा दीवारों पर चित्रकारी करने पर की जानकारी दी। इस दौरान नगर निगम द्वारा गीले कूड़े से स्वनिर्मित जैविक खाद वितरित की गयी।

## प्रो. डंगवाल को मिला मानव सेवा सम्मान, जताई खुशी

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विश्वविद्यालय की समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग की प्रो. किरण डंगवाल को शिक्षा, मानव सेवा और सामाजिक कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिल्ली में आयोजित एक सम्मान समारोह में उद्भव मानव सेवा सम्मान से नवाजा गया।

उन्हें यह सम्मान विशेष रूप से चिपको आंदोलन पर लिखी गई उनकी पुस्तक के लिए दिया गया। गुरुवार को गढ़वाल विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में प्रो. जेपी भट्ट ने प्रो. डंगवाल को इस सम्मान के लिए बधाई दी और कहा कि यह सम्मान विभाग के लिए गर्व का विषय है। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. उमा बहुगुणा ने भी इस अवसर पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। प्रो. किरण डंगवाल ने इस पुरस्कार का श्रेय अपने शोध निर्देशक, समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. जेपी पचौरी, अपने परिवारजनों, विभाग के सदस्यों और छात्रों को दिया। उन्होंने कहा कि चिपको आंदोलन की याद आज के समय में और भी प्रासंगिक है, खासकर जब देश की राजधानी दिल्ली और अन्य बड़े शहर प्रदूषण से जूझ रहे हैं।

### कुलपति की नियुक्ति की मांग को लेकर भेजा शिक्षा मंत्री को ज्ञापन

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि में कुलपति का कार्यकाल 31 अक्तूबर को समाप्त होने के बाद से विवि को स्थायी कार्यवाहक कुलपति न मिलने पर सचिव टीचिंग वेलफेयर सोसायटी के सचिव प्रो. आरएस फर्त्याल ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विवि बिना नेतृत्व के चल रहा है। ऐसी स्थिति में संकाय सदस्यों के सामने भी समस्याएं पैदा हो गई हैं, जो वर्तमान में कुलपति की स्थिति पर स्पष्टता की मांग कर रहे हैं। बताया कि दो सप्ताह से अधिक का समय हो चुका है। उन्होंने विवि के अध्यादेश के अनुसार संकाय सदस्यों की वरिष्ठता सूची में से वरिष्ठतम संकाय सदस्य को कार्यवाहक कुलपति के रूप में जल्द नियुक्त करने की मांग की। (एजेंसी)

# महिलाओं को दिया गया नैनो पैकेजिंग यूनिट का प्रशिक्षण



जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में कृषि विभाग एवं उद्यान विभाग द्वारा गुरूवार को विकासखण्ड गैरसैंण के ग्राम सारकोट में महिलाओं को नैनो पैकेजिंग यूनिट का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें महिलाओं को विभिन्न प्रकार की पैकिंग यूनिट यथा अचार डब्बा बंदी, स्क्वैश बोतल को सील करना, लैबलिंग, बैंक सेलर से दाल पैकिंग, अचार पैकिंग, मसाला पैकिंग तथा हैंड सीलिंग मशीन से दाल पैकिंग, बेस्ट कोचिंग मशीन, फाइल पैंकिग मशीन के प्रशिक्षण के साथ-साथ मंडुवा थ्रेसर, झंगोरा पीसने तथा जूस निकालने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ महिलाओं को कृषि एवं उद्यान विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस दौरान महिलाओं द्वारा पॉलीहाउस एवं जंगली जानवरों से फसल की सुरक्षा हेतु चैंनिग फैंसिंग की मांग की गयी। इस पर मुख्य कृषि अधिकारी जेपी तिवारी ने शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रभारी फल संरक्षण अधिकारी संतोष नयाल, सतबीर सैनी, भूपेन्द्र रावत सहित गांव की महिलाए उपस्थित थी।

# स्वयं सेवियों ने आग बुझाने के सीखें गुर



नई टिहरी : टीएचडीसी इंडिया टिहरी में कार्यरत सीआईएसएफ यूनिट के जवानों ने पीजी कॉलेज नई टिहरी के एनएसएस स्वयं सेवकों को आग लगने पर काबू पाने और आपदा के दौरान फंसे लोगों को बचाने के लिए जरूरी प्रशिक्षण दिया। गुरुवार को आयोजित मॉक ड्रिल में सीआईएसएफ के जवानों ने आग बुझाने के प्राथमिक तरीकों का प्रदर्शन किया और स्वयं सेवकों को रेत, बालू और मिट्टी का उपयोग कर आग बुझाने की विधि सिखाई। प्राचार्य प्रो. पुष्पा नेगी ने इस तरह के आयोजन को छात्रों के भविष्य के लिए फायदेमंद बताते हुए कहा कि छात्रों को इस प्रशिक्षण से मिली जानकारी को अपनी डायरी में दर्ज करना चाहिए, ताकि वे इसे भविष्य में इस्तेमाल कर सकें। सीआईएसएफ के उपनिरीक्षक एसके ध्यानी, प्रताप चंद्र, विपिन कुमार, प्रशांत दास और डीके सरोज ने विभिन्न अग्निशमन यंत्रों का संचालन कर सरकारी संस्थानों, स्कूलों, और प्रयोगशालाओं में आग बुझाने के उपाय बताए। उन्होंने स्वयंसेवकों को आग लगने के बाद उसकी स्थिति का आकलन करने और उसे बुझाने के सही तरीके बताए। इस मौके पर वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विजय प्रकाश सेमवाल, डॉ. आशा डोभाल, डॉ. तनु मित्तल, डॉ. पुष्पा पंवार, अंजलि, कल्पना, शिवम, अनिरुद्ध और अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे। (एजेंसी)

## नहर पर पानी चलाने की उठाई मांग

चमोली : काश्तकारों ने सिंचाई विभाग की ओर से संचालित धारगट नहर पर पानी चलाने की मांग की है। अधिशासी अभियंता को भेजे ज्ञापन में ग्रामीणों का कहना है कि नहर पर पानी नहीं चलने के कारण उनकी गेंहू एवं सरसों की फसल सूख गयी है लेकिन विभाग नहर पर पानी नहीं चला रहा है। मांग करने वालों में निवर्तमान प्रधान बलवीर मेहरा, पूर्व व्यापार संघ अध्यक्ष मंगल रावत, रणजीत सिंह, अवतार मढ़वाल आदि ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं। उधर, ईई पीडी चमोला ने बताया कि एक सप्ताह अंदर नहर पर पानी चला दिया जायेगा। (एजेंसी)

## प्राणमती नदी पर पुल निर्माण का आदेश

चमोली : थराली उपजिलाधिकारी कमलेश मेहता ने गुरुवार को प्राणमती नदी के आपदा प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया और नदी पर स्थायी पुल निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग (लोनिवि), पीएमजीएसवाई और अन्य विभागों को निर्देश दिए। पिछली मानसून में बाढ़ के कारण पुल बह जाने से क्षेत्र के निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने अधिकारियों को आगामी मानसून से पहले प्राणमती नदी पर वैली ब्रिज का निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही स्थायी पुल निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार कर शासन को भेजने की प्रक्रिया शुरू करने को कहा। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष आई बाढ़ में झूला पुल और मोटर पुल दोनों बह गए थे, जिसके बाद ग्रामीणों ने वैकल्पिक लकड़ी के पुल का निर्माण किया। हालांकि, बार-बार जल प्रवाह बढ़ने के कारण ये पुल बह जाते रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com